




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

वर्ष- 13, अंक - 147 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 14 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-












## सोनिया ने माना कैप्टन को हटाने में देरी की, सिद्धू पर फूटा पंजाब में हार का ठीकरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को पार्टी कार्यसमिति की बैठक में स्वीकार किया कि उन्होंने ही कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ मिली शिकायतों को नजरअंदाज किया था। मीटिंग में यह बात उठी कि कैप्टन अमरिंदर सिंह को पहले ही हटा देना चाहिए था, जिस पर सोनिया गांधी ने कहा कि मैं ही कैप्टन का संरक्षण कर रही थी, जबकि उनके खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी ने यह बात उस वक्त कही, जब कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन ने कहा कि यदि कैप्टन अमरिंदर सिंह को थोड़ा पहले ही हटा दिया जाता तो बेहतर होता।



अजय माकन ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह को सितंबर 2021 में हटाया गया था, तब तक कांग्रेस सरकार के खिलाफ ऐंटी-इनकम्बैंसी काफी बढ़ चुकी थी। वह राज्य में पार्टी की करारी हार को लेकर बात कर रहे थे। इस दौरान नेताओं ने एक तरफ राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाकर पंजाब और पूरे देश में कांग्रेस के लिए एक एसेट तैयार की। लेकिन राज्य के ही टॉप नेताओं ने उनकी टांग खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्टी ने हार की वजहों में से एक इसे भी माना है।

### नेता बोले- कैप्टन को हटाने में देरी से नाराज थी जनता

इस मीटिंग में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी की सरकार की ओर से सितंबर 2021 तक कुछ नहीं किया गया, जिन्हें लेकर 2017 में तमाम वादे किए गए थे। बेअदबी और ड्रग्स जैसे मुद्दे उठाते हुए नेताओं ने कहा कि कैप्टन सरकार के दौर में इन पर कुछ नहीं हुआ था। यही वजह है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह पटियाला में बड़े अंतर से पराजित हो गए। कांग्रेस कार्यसमिति में कहा गया, 'अकाली नेताओं पर कैप्टन अमरिंदर सिंह नरम थे और दोनों को ही इलेक्शन में नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस से लोग इस बात को लेकर नाराज थे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाने में उसने इतनी देरी क्यों कर दी।

### माकन बोले- चन्नी के फैसलों पर टांग खिंचाई करते थे सिद्धू

अजय माकन ने सिद्धू और चन्नी के बीच तनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चन्नी ने जब राज्य में बिजली की दरों में कटौती की थी तो प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का कहना था कि आखिर इसके लिए पैसा कहां से आएगा। इसके अलावा जब ड्रग्स के मुद्दे पर कार्रवाई की गई तो पार्टी के ही नेताओं का कहना था कि अदालत में यह केस नहीं टिक पाएगा। माकन ने इस दौरान सिद्धू पर एक और हमला बोलते हुए कहा, 'राहुल गांधी ने जब एक साधारण परिवार से आने वाले नेता चन्नी को समर्थन किया और सीएम फेस घोषित किया तो सिद्धू के परिवार ने उन्हें अमीर बताते हुए पार्टी की संभावनाओं को कमजोर किया।'

### हार के लिए गांधी परिवार नहीं है जिम्मेदार, सोनिया के इस्तीफे का सवाल ही नहीं: मल्लिकार्जुन खड़गे



पांच राज्यों में कांग्रेस की चुनावी हार के बाद पार्टी के सीनियर नेता मल्लिकार्जुन खड़गे गांधी परिवार के बचाव में उतरे हैं। खड़गे ने कहा, हम सभी ने सोनिया गांधी से कहा कि 5 राज्यों में हार के लिए वह अकेली जिम्मेदार नहीं हैं। राज्य का हर नेता और सांसद जिम्मेदार है, गांधी परिवार नहीं। हमने उन पर फिर से भरोसा जताया, इस्तीफे की पेशकश का सवाल ही नहीं उठता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी और उसकी विचारधारा से लड़ेंगे, अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। हम उम्मीद करते हैं कि अगले चुनाव में हम पहले से काफी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

#### जनता से जुड़े मुद्दे संसद में उठाएगी कांग्रेस

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हुआ है। पार्लियामेंट में विपक्ष के रवैये पर खड़गे ने कहा, हमारी रणनीति है कि हम इस चर्चा में भाग लेंगे और जनता से संबंधित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाएंगे। विशेष रूप से छात्र जो यूक्रेन में फंसे थे, उनकी समस्याओं को कैसे दूर किया जाना चाहिए। महंगाई, बेरोजगारी ये सभी समस्याएं हैं जिन पर चर्चा होनी चाहिए।

## खास-खबर

### भारत के खिलाफ 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' में जुटा चीन, बांग्लादेश में बना रहा मिसाइलों का मेंटेनेंस सेंटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश को मोहरा बनाकर चीन अब भारत के खिलाफ मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में जुटा है। वह बांग्लादेश में जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के लिए मेंटेनेंस सेंटर बनाने में लगा है। इनमें उन मिसाइलों के रखरखाव की सुविधा दी जाएगी, जिन्हें चीन ने 2011 में बांग्लादेश को दिया था। इस मेंटीनेंस सेंटर को बनाने की बात गोपनीय रखी गई है। इस बारे में चीन या बांग्लादेश की तरफ से कोई घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, एक रिपोर्ट में दावा किया है कि सेंटर कायम करने का काम आगे बढ़ रहा है। कहा गया है कि एक वरिष्ठ बांग्लादेशी राजनयिक ने उससे बातचीत में इस बात की पुष्टि की है।

#### एशिया में सुरक्षा संतुलन बिगड़ने की संभावना

राजनयिक ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर कहा कि, 'चीन और बांग्लादेश इस बात को गोपनीय रख रहे हैं, क्योंकि पश्चिमी देशों- खासकर अमेरिका ने चीन की निगरानी बढ़ा रखी है। इस मेंटीनेंस सेंटर से एशिया में सुरक्षा संतुलन बिगड़ने की संभावना है।' अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के कारण इस केंद्र के बारे में औपचारिक घोषणा करना फिलहाल और कठिन हो गया है।

### चलती कार बनी आग का गोला, चार दोस्तों ने कूदकर बचाई जान

**भरतपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के भरतपुर में एक चलती कार आग का गोला बन गई। कार में सवार चारों दोस्तों ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। वहीं कार जलकर खाक हो गई। घटना उद्योग नगर थाना इलाके में भरतपुर-मथुरा हाईवे का है। जलती हुई कार का वीडियो लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया।

जानकारी के मुताबिक रविवार को देर रात दिल्ली निवासी सुनील कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ अपनी कार में सवार होकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। तभी कार में अचानक आग लग गई। सुनील और उनके दोस्त चलती कार से कूद गए और अपनी जान बचाई। उधर कार में लगी भीषण आग को देखते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### मैत्रीबाग: लंबे इंतजार के बाद फ्लॉवर शो में उमड़ी भीड़





भिलाई। मैत्री बाग में रविवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, वजह थी फ्लॉवर शो का आयोजन, जो कोरोना काल की वजह से लंबे वक्त से बंद थी। और जिसे देखने ट्विनसिटी सहित दूर दराज से फूल प्रेमियों का हुजुम उमड़ पड़ा। भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवा विभाग अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा यह आयोजन किया गया।

## कोरोना की कैद से बाहर निकलता छत्तीसगढ़, 21 जिलों में नहीं मिले कोई मरीज, एक्टिव केस 5 सौ से कम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण बहुत तेजी कम हो गया है। पॉजिटिविटी दर भी 1% से नीचे है। 24 घंटे में मात्र 15 नए केस मिले। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 21 जिलों में कोरोना का एक भी मामला सामने नहीं आया। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 5 सौ से कम हो गई है। इस महामारी से अब तक प्रदेश में 14 हजार 34 लोगों की जान भी जा चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को प्रदेश में 15 नए केस मिले हैं, जिसमें सुरजपुर में 5, जशपुर में 4, सरगुजा में 2 व कांकेर, बलरामपुर, बिलासपुर व दुर्ग में 1-1 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 21 जिलों में एक भी मामला सामने नहीं आया। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 337 हो गई है। राजधानी रायपुर व पड़ोसी जिला दुर्ग में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे थे, वहां अब स्थिति सामान्य हो गई है।

#### प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 0.21 प्रतिशत

रविवार को 7 हजार 48 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 15 मरीज मिले हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर घटकर 0.21 प्रतिशत हो गई है। हॉस्पिटल से 5 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 47 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में तेजी से कमी आई है। टीकाकरण भी तेजी से हुआ, जिसकी वजह से कोरोना ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा पाया।

## छलका हरीश रावत का दर्द, कहा- दिल्ली जाने की कल्पना मात्र से ही मन भारी

**देहरादून (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार का दर्द रह रहकर कांग्रेस नेताओं को सता रहा है। सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त कांग्रेस नेता अप्रत्यक्ष नतीजों से हैरान-परेशान हैं। इस बीच कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में दिल्ली रवाना होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बेहद भावुक नजर आए।



उनके शब्दों में कहें तो वह राज्य में कांग्रेस की हार से बेहद आहत हैं। बैठक में जाने से पूर्व उन्होंने कहा कि वह समझ नहीं पा रहे हैं कि अपनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से कैसे नजरें मिलाएंगे। दिल्ली रवाना होने से पूर्व हरीश रावत ने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें वह बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने लिखा कि दिल्ली की ओर जाने की कल्पना मात्र से उनके पांव और मन भारी हो रहे हैं।

भविष्य की चुनौतियों से पार पाना होगा

वह कैसे अपनी राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया के चेहरे की तरफ देखेंगे। उन्होंने राज्य में कांग्रेस की सत्ता वापसी को लेकर उन पर बहुत विश्वास किया था। देश के तमाम शीर्षस्थ कांग्रेस जनों का भी उन पर बहुत विश्वास था। लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए। हरीश ने कहा कि कहीं तो उनकी ही कमियां रही होंगी, जो वह विश्वास को कायम नहीं रख पाए। अब वास्तविकता यह है कि हम हारे ही नहीं हैं, बल्कि हमारी हार कई और चिंताजनक संकेत भी दे रही है।

हरीश ने कहा कि उनका आज भी मानना है कि देश के अंदर कोई दूसरी पार्टी ऐसी नहीं है, जो पैन इंडिया स्वरूप ग्रहण करने में सक्षम हो और भाजपा का सशक्त लोकतांत्रिक विकल्प प्रस्तुत कर सके। टुकड़े-टुकड़े में कुछ लोग कोशिश कर रहे हैं। मगर उनके डीएनए में वह सब नहीं है, जो कांग्रेस की डीएनए में है। लेकिन कांग्रेस पार्टी कहीं न कहीं रणनीतिक चूक का शिकार हो रही है। कुछ ऐसी स्थितियां बन रही हैं कि हम हर बार जनता का विश्वास जीतने में विफल हो जा रहे हैं।

## अनोखा विरोध: 15 परिवार पीएम मोदी के नाम करेंगे 40 करोड़ के प्लॉट, राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की गुहार

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा के 15 परिवारों ने एक-एक पैसा इकट्ठा कर प्लॉट खरीदे। 26 साल बाद भी कब्जा नहीं मिला। शिकायत करते-करते थक गए। सुनवाई नहीं होने पर अब हताश होकर इन परिवारों ने 40 करोड़ रुपये की संपत्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम करने का निर्णय लिया है। साथ ही इंसाफ नहीं मिलने पर राष्ट्रपति से संसद भवन के परिसर में जहर खाकर इच्छा-मृत्यु की गुहार लगाई है।



गांधी नगर निवासी आरएन शुक्ला दूरसंचार मंत्रालय से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि सेवा के दौरान दिल्ली में रहते हुए 1990-91 में रेल विहार सहकारी समिति का सदस्य बना था। उसमें 302 सदस्य थे। सभी सरकारी नौकरी में थे। गाजियाबाद की लोनी तहसील स्थित साबदुल्लाबाद में समिति ने 135 बीघा जमीन खरीद कर सदस्यों के लिए प्लॉट काटे। 1996 में 330 रुपये प्रति गज के हिसाब से लॉटरी से 100-100 गज के प्लॉट आवंटित हुए। 2013 में सेवानिवृत्त होने के बाद प्लॉट पर गए तो वहां कब्जा हो चुका था। समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य भी बदल गए। 26 साल बाद भी प्लॉट पर मकान नहीं बना पाए। पीड़ितों में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद के परिवार शामिल हैं। इनमें से 15 परिवारों ने अपने आवंटन पत्र, स्टांप पेपर व अन्य दस्तावेज पीएम मोदी के नाम लिख दिए हैं। जिनकी कीमत करीब 40 करोड़ रुपये है।

#### प्रधानमंत्री के सामने करेंगे बैनामा

100 रुपये के स्टांप पर 15 परिवारों ने प्लॉट नंबर, एलॉटमेंट लेटर व अन्य प्रपत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुत्र दामोदर दास मोदी के नाम से तैयार कराए हैं। पीड़ित आरएन शुक्ला ने बताया कि बैनामा पत्र पर हस्ताक्षर पीएम के सामने करेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम भी चिट्ठी भेजी है। जिसमें कहा है, इंसाफ करें। अगर नहीं कर सकते तो हमारी संपत्तियां रख लें और हमें इच्छा-मृत्यु की अनुमति प्रदान करें।

#### चार साल से अधर में जांच

लौनी पुलिस स्टेशन में पीड़ितों ने 29 अक्तूबर 2018 को शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जांच चार साल से आर्थिक अपराध शाखा में लंबित है। एक अन्य शिकायत डीएम गाजियाबाद से की, जिसकी जांच नहीं हो सकी। इसके अलावाआवास विकास आयुक्त, लखनऊ से की गई शिकायत पर भी सुनवाई नहीं हो सकी है।

## सड़क निर्माण को सुरक्षा देने निकली थी सर्चिंग पार्टी आईईडी की चपेट में आने से जवान शहीद, एक घायल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के अति संवेदनशील नारायणपुर जिले में आईईडी बम की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक जवान घायल है। जवान सड़क निर्माण को सुरक्षा देने के लिए निकले थे। तभी ब्लास्ट हो गया। शहीद व घायल आईटीबीपी 53 बटालियन के जवान हैं। सोनपुर थानाक्षेत्र के ढोंडरीबेड़ा के पास नक्सलियों ने यह आईईडी प्लांट किया था। नारायणपुर एसपी सदानंद कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह आईटीबीपी 53 बटालियन के जवान सड़क निर्माण को सुरक्षा देने निकले थे। सोनपुर थाना के ढोंडरीबेड़ा के पास पहुंचे थे कि आईईडी बम ब्लास्ट हो गया। यह हादसा सुबह लगभग 8.30 बजे के करीब हुआ है। शहीद जवान का नाम राजेंद्र सिंह बताया जा रहा है। वहीं घायल जवान का नाम महेश है। घायल जवान को जंगल से अस्पताल लाया जा रहा है। जवान अभी मौके पर ही मौजूद हैं। क्षेत्र में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

#### एक दिन पहले सुकमा में हुए 3 जवान घायल

बता दें कि सुकमा जिले में रविवार को पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें डीआरजी के 3 जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों को भी गोली लगने का दावा पुलिस अफसर कर रहे हैं। केरलापाल क्षेत्र में चिचोरगुड़ा के पास बड़ी संख्या में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना मिली थी, जिसके बाद डीआरजी के जवानों को रवाना किया गया था। घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें डीआरजी के जवान सोमारू राम पोयाम, नेहरू कश्यप व वेट्टी देवा घायल हैं। सभी जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है।

## संपादकीय

# कोरोना के बावजूद

चीन के कुछ प्रांतों में आजकल कोरोना की ऐसी लहर आई है, जैसी विगत दो वर्षों में नहीं आई थी। कोरोना मामले दो वर्ष के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। शंघाई और अन्य प्रमुख शहरों में अधिकारियों ने अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन वायरस को रोकने के लिए लक्षित लॉकडाउन और जांच को बहुत बढ़ा दिया है। चीन में महामारी के शुरुआती दिनों के बाद पहली बार कोविड मामले इस सप्ताह 1,000 का आंकड़ा पार कर गए हैं। वैसे दुनिया को कोविड-19 देने वाले चीन से जो आंकड़े आते हैं, उन पर पूरा भरोसा नहीं किया जा सकता, लेकिन तब भी आधिकारिक गणना के अनुसार, चीन में शुक्रवार तक एक दर्जन से अधिक प्रांतों में कुल 1,369 मामले हो गए थे। चीन की शून्य कोविड रणनीति को देखते हुए ये मामले बहुत ज्यादा हैं, वहां इसे एक विफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। वहां चूंकि सरकार की आलोचना का चलन नहीं है, इसलिए भी सरकार को जो उचित लगता है, वह करती है और चीन सरकार ने अभी कड़ाई से लॉकडाउन का फैसला किया है।

> वहां लोगों तक सीधे भोजन व जरूरी सामान पहुंचाकर एकांत में रखा जाता है। जहां भी संक्रमण के कुछ मामले मिलते हैं, वहां पूरी कड़ाई की जाती है, लेकिन बाकी इलाकों में व्यावसायिक या औद्योगिक कामकाज को पूरी तेजी से आगे बढ़ाया जाता है। यही रणनीति है कि वहां कोरोना भी काबू में है और विकास दर भी दहाई अंकों में है।

ध्यान रखना चाहिए कि चीन आज भी कोरोना के एक-एक मामले का पीछा करता है, जैसी कोशिश कभी भारत में शुरुआती दिनों में हुई थी। हम एक-एक मामले का पीछा करने में नाकाम रहे और चीन विगत दो वर्ष से भी ज्यादा समय से इस उपाय को कामयाबी से अंजाम पर पहुंचा रहा है। दूसरी बात, चीन देश से बाहर जाने या बाहर से आने वालों पर कड़ी निगाह रखता है। संक्रमण भले ही वहां से निकलकर दुनिया में फैला हो, लेकिन कहीं से भी संक्रमण को चीन में कदम रखने की इजाजत नहीं है। बाहर से आने वाले एक-एक संदिग्ध को आज भी वहां क्वारंटीन किया जाता है और आश्वस्त होने के बाद ही आबादी के बीच जाने दिया जाता है। चीन में बड़े पैमाने पर टीकाकरण हुआ है। लगभग तीन अरब खुराकें दी गई हैं, देश की आबादी के एक बड़े हिस्से को तीसरी खुराक भी मिली है। फिर भी नवंबर से चीन में रुक-रुककर वायरस विस्फोट हो रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि चीन के टीकों में विश्वास की कमी है, इसी वजह से कड़ाई करना चीन की मजबूरी है। अभी भी अगर चीन कोरोना दिशा-निर्देशों में ढील दे, तो महामारी का विस्फोट हो सकता है। वहां अभी भी तरह-तरह के कोरोना वायरस सक्रिय पाए जा रहे हैं। कुछ वायरस बेहद खतरनाक किस्म के हैं, जिन्हें लॉकडाउन और एकांतवास के जरिए ही रोका गया है। कुछ कमियों के बावजूद हमें यह देखना चाहिए कि वहां कुल मामले 1,500 भी नहीं हैं, जबकि भारत में कुल दर्ज सक्रिय मामले 40,000 से ज्यादा हैं और अभी भी 3,000 से अधिक नए मामले रोज आ रहे हैं। इतने मामलों के बावजूद भारत लॉकडाउन को पूरी तरह से पीछे छोड़कर आगे बढ़ गया है, शायद यही कारण है कि कोरोना आज भी साथ है। ठीक इसी तरह अमेरिका में अभी भी प्रतिदिन 40,000 के करीब मामले आ रहे हैं। दूसरी ओर, चीन के अधिकारी इस लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं कि जल्द से जल्द संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ दें। वहां लोगों तक सीधे भोजन व जरूरी सामान पहुंचाकर एकांत में रखा जाता है। जहां भी संक्रमण के कुछ मामले मिलते हैं, वहां पूरी कड़ाई की जाती है, लेकिन बाकी इलाकों में व्यावसायिक या औद्योगिक कामकाज को पूरी तेजी से आगे बढ़ाया जाता है। यही रणनीति है कि वहां कोरोना भी काबू में है और विकास दर भी दहाई अंकों में है।

> पंजाब में आप भी यही काम करती हुई दिखाई देती है। कांग्रेस वहां भी नई हकीकत से तालमेल नहीं बिठा सकी। जीव विज्ञान में यह माना जाता है कि वे जंतु ज्यादा सुरक्षित रहते हैं, जो अपने वातावरण के हिसाब से अपना रंग आसानी से बदल लेते हैं। कांग्रेस इसीलिए अपनी जमीन लगातार खोती जा रही है। बेशक, दोनों के आकार में बहुत बड़ा अंतर है, लेकिन भाजपा जिस तरह की राजनीति कर रही है, वहां उसी तरह की दूसरी स्पर्द्धी आम आदमी पार्टी ही है।

# भाजपा के ही नक्शेकदम पर आप

हरजिंदर,वरिष्ठ पत्रकार



जिस पार्टी ने अभी अपना 10वां जन्मदिन भी नहीं मनाया, उसने पंजाब में 136 साल पुरानी पार्टी को मात दे दी। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सिर्फ कांग्रेस को चुनावी मात नहीं दी, बल्कि राष्ट्रीय फलक पर उसके बराबर आ खड़ी हुई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी के पास अगर इस समय दो राज्यों (राजस्थान और छत्तीसगढ़) में सरकार है, तो आप भी दिल्ली और पंजाब, दो राज्यों में सरकार चलाने वाली पार्टी बन गई है। यह तर्क दिया जा रहा है कि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है, लेकिन इस खिसियानी दलील का यहां कोई बड़ा अर्थ नहीं है।

दो राज्यों का तर्क इसलिए महत्वपूर्ण है कि भाजपा और कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों को छोड़ दें, तब भी देश के कई हिस्सों में बहुत मजबूत राजनीतिक दल हैं। पश्चिम बंगाल में अगर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की तूती बोल रही है, तो पड़ोसी राज्य ओडिशा में बीजू जनता दल की सत्ता किसी के हिलाने नहीं हिल रही। आंध्र में जगनमोहन रेड्डी की कांग्रेस और उसके पड़ोसी राज्य में तेलंगाना राज्य समिति अपनी तरह से जमे हुए हैं। तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक की मथुरा तो तीनों लोक से न्यारी है। यहां आप तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव की पार्टियों के साथ ही केरल में पिछले दो चुनाव जीतने वाली माकपा को भी याद कर सकते हैं। इन सभी पार्टियों की जड़ें अपने भूगोल और इतिहास में काफी गहरी हैं, लेकिन एक साथ दो राज्यों की सत्ता पर काबिज होने का सेहरा किसी के भी माथे नहीं सजा है।

आम आदमी पार्टी ने पंजाब के चुनाव में जोरदार जीत ही नहीं हासिल की, राष्ट्रीय राजनीति में अपने लिए एक नई प्रासंगिकता भी खोज ली है। हाल-फिलहाल तक देश में विपक्षी एकता के जितने भी प्रयास होते थे, उसमें आप को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता था। एकाध बार कुछ मंचों पर पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल विपक्षी नेताओं के साथ खड़े दिखाई भी दिए, लेकिन आप की छवि एक ऐसी पार्टी की बनी रही, जिसकी महत्वाकांक्षाएं उसके भौगोलिक प्रभाव क्षेत्र से कहीं ज्यादा बड़ी थीं। इसका एक कारण शायद यह भी रहा कि पार्टी दिल्ली विधानसभा के चुनावों में तो सबका सफाया कर रही थी, पर पिछले दो लोकसभा चुनाव में वह दिल्ली की सीटों पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी थी। यह बात अलग है कि इन्हीं चुनावों में उसने पंजाब में अपनी क्षमता जरूर दिखाई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में उसने अकाली दल को पछाड़ते हुए विपक्षी दल का स्थान कब्जाया था और इस बार तो स्थापित नेताओं की तीन पीढ़ियों का उसने सफाया कर दिया। 94 वर्ष के प्रकाश सिंह बादल और 78 साल के अमरिंदर सिंह से लेकर जीवन के 60 वसंत भी न देखने वाले चरनजीत सिंह चन्नी, सभी चुनाव हार गए।

अब यही आम आदमी पार्टी विपक्षी एकता के समीकरण तय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, साथ ही ऐसे एकता-प्रयासों के लिए नई उलझनें और नए धर्मसंकट भी पैदा करेगी। इसलिए भी कि पार्टी की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं एक बेचैनी की तरह हमेशा ही उससे छलकती रही हैं और उन क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के चेहरे पर हल्की ही सही, एक शिकन भी पैदा करती रही है, जो विपक्षी एकता के समीकरण तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। बड़ी सफलता उसे भले ही दिल्ली के बाद पंजाब के अलावा कहीं न मिली हो, लेकिन हर राज्य के चुनावी मैदान में वह कूदने की कोशिश जरूर करती रही है। पंजाब में चुनाव जीतने के बाद अब आप भारतीय जनता पार्टी का सिरदर्द तो बढ़ा ही सकती है, साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के सामने यह उलझन भी खड़ी कर सकती है कि राजनीति की इस नवेली ताकत के साथ क्या सुलूक किया जाए?

हालांकि, यहां बाकी दलों के मुकाबले भाजपा के सिरदर्द के रूप में उसकी भूमिका ज्यादा उल्लेखनीय है। भाजपा जिस दिल्ली विधानसभा के लिए खुद को हमेशा से ही स्वाभाविक दावेदार मानती रही है, आम आदमी पार्टी ने उसी दिल्ली से भगवा ताकत को बहुत दूर कर दिया है। एक नहीं, लगातार तीन चुनावों में उसने भाजपा को करारी शिकस्त दी है। लेकिन आप सिरदर्द इसलिए है कि कई मामलों में यह भाजपा से बहुत सारी समानताएं रखती है।

एक तो आम आदमी पार्टी भारतीय राजनीति के उसी दौर की उपज है, जिसमें भाजपा ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजनीति पर एक नई छाप छोड़नी शुरू की थी। यह ठीक है कि नरेंद्र मोदी 1992 में ही गुजरात की राजनीति में एक बड़ी ताकत बन गए थे और राष्ट्रीय स्तर पर उनका एक कल्ट भी विकसित होना शुरू हो गया था, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उसे असल ऊर्जा उसी अन्ना आंदोलन के दौरान मिली, जिसके गर्भ से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ। यानी, जब आप का जन्म हुआ, तकरीबन तभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई भाजपा का पुनर्जन्म हुआ। बेशक भाजपा का यह पुनर्जन्म भारतीय राजनीति की ज्यादा बड़ी घटना बन गया, लेकिन दोनों की समानताओं का यहीं अंत नहीं है।

एक और समानता यह भी है कि दोनों ने कांग्रेस के कमजोर होते आधार से खाली हुई जमीन पर पूरी आक्रामकता से अपने पैर पसारे हैं। जो भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर और फिर कई राज्यों में किया, वही आप ने पहले दिल्ली में और अब पंजाब में किया। भाजपा को इस बात का श्रेय है कि उसने हर राज्य में अलग-अलग ढंग से जातियों, धर्मों के स्थानीय समीकरणों और जमीन की नई जरूरतों से सामंजस्य बिठाते हुए अपने चाल और चरित्र को तब बदला, जब कांग्रेस ऐसे बदलाव में लगातार नाकाम साबित हो रही थी। पंजाब में आप भी यही काम करती हुई दिखाई देती है। कांग्रेस वहां भी नई हकीकत से तालमेल नहीं बिठा सकी। जीव विज्ञान में यह माना जाता है कि वे जंतु ज्यादा सुरक्षित रहते हैं, जो अपने वातावरण के हिसाब से अपना रंग आसानी से बदल लेते हैं। कांग्रेस इसीलिए अपनी जमीन लगातार खोती जा रही है। बेशक, दोनों के आकार में बहुत बड़ा अंतर है, लेकिन भाजपा जिस तरह की राजनीति कर रही है, वहां उसी तरह की दूसरी स्पर्द्धी आम आदमी पार्टी ही है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# वीडियो गेम की लत में कही हार न जाए शिक्षा-परीक्षा

संजीव राय ,शिक्षाविद



दो साल घर बैठकर ऑनलाइन स्कूल की प्रक्रिया में बच्चों के बीच ऑनलाइन और वीडियो गेम का आकर्षण बढ़ गया है। अब बोर्ड परीक्षा की तिथि घोषित हो चुकी है और यह तय है कि परीक्षा ऑनलाइन होगी। बड़ी संख्या में दसवीं-बारहवीं के छात्र असहज होने लगे हैं। छात्र चाहते हैं कि परीक्षा ऑनलाइन ही हो! इसके पीछे इंटरनेट और विडियो गेम की भी अपनी भूमिका है, लेकिन तकनीकी और महामारी जनित चुनौतियों के चलते बहुमत के अभिभावकों को इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं है कि उनके बच्चे इंटरनेट के जरिए कौन सा गेम खेलते हैं।

आज दुनिया में वीडियो गेम का बाजार कई हजार करोड़ का हो गया है और अब यह संगीत-फिल्म से बड़ा व्यापार बन चुका है। वीडियो गेम को अत्यधिक समय देने का परिणाम है कि बड़ी संख्या में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और उनके लिए एकाग्रचित होकर कुछ पढ़ने और सामान्य दिनचर्या का पालन करना भी मुश्किल हो रहा है। बच्चे यदि सचेत नहीं रहे, तो विडियो गेम के नशे का प्रभाव उनके शैक्षिक परिणाम और सामाजिक व्यवहार पर भी पड़ता है। यही कारण है कि चीन, ब्रिटेन सहित कई देशों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए वीडियो गेम को प्रत्येक सप्ताह कुछ घंटों, दिनों के लिए प्रतिबंधित करने के लिए व्यापक चर्चा और कुछ शुरुआती कदम उठाए जा रहे हैं।

1950 के दशक में जब लंदन में टेलीविजन शुरू हुआ था, तब शाम को छह से सात बजे के बीच एक घंटे के लिए कोई कार्यक्रम प्रसारित नहीं होता था। इसके पीछे यह सोच थी कि अभिभावक इस समय अपने बच्चों को सुला सकें, लेकिन बाद के वर्षों में किसी देश में बच्चों के नजरिए से ऐसा कोई प्रावधान नहीं रहा और आज हम चौबीस घंटे सूचनाओं के प्रवाह में फंसे हुए हैं! आज लाखों युवा और छात्र हैं, जिनके लिए 10-15 घंटे तक ऑनलाइन वीडियो गेम खेलना आम बात हो चुकी है और इसका नकारात्मक असर उनके व्यवहार, मानसिकता और उपलब्धियों पर पड़ रहा है।

1980 के दशक में जो वीडियो गेम भारत लाए गए, उनके लिए दुकान पर जाकर मशीन में एक-एक रुपये के सिक्के डालकर एक-दो मिनट गेम खेलने का विकल्प मौजूद था। लेकिन अब इंटरनेट ने असीमित समय वाले खेल को आम कर दिया है। आजकल अधिकतर वीडियो गेम और सोशल प्लेटफार्म को मनोवैज्ञानिकों की मदद से तैयार किया जा रहा है। वहां मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार खेल और प्लेटफॉर्म पर आकर्षक सूचनाओं का सागर है। अनंत संख्या में मुफ्त वीडियो और वीडियो गेम मौजूद हैं और वहां पहुंचने के बाद यदि बच्चे सचेत नहीं हैं, तो अपनी पढ़ाई छोड़कर कई घंटे वहां बिता सकते हैं।

स्कूल से लेकर डॉक्टरों तक को यह देखना होगा कि क्या वास्तव में ये गेम बच्चों को खुशी दे रहे हैं या उनकी चिंता और अवसाद बढ़ा रहे हैं? खेल या गेम मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर करने वाले होने चाहिए, लेकिन मनोरंजन के लिए वीडियो खेल की शुरुआत अगर नशे में बदल जाए, तो यह चिंताजनक है। इसका नकारात्मक असर बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों पर न पड़े, इसके लिए अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा। यह भी ध्यान रहे कि परीक्षा के डर से मेधावी छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं सामने आती हैं। अभिभावकों को अनावश्यक दबाव बनाने से बचना चाहिए और छात्रों को यह भरोसा देना चाहिए कि परीक्षा के प्राप्तांक नहीं, उनका ईमानदार प्रयास महत्वपूर्ण है।

हमारे शिक्षा संस्थानों और विभागों को भी सजग होना पड़ेगा। जिन स्कूलों या शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों को मोबाइल की ओर धकेला है, उन्हें ही पूरी सजगता के साथ बच्चों की मानसिकता का अध्ययन करना चाहिए। क्या बच्चे गेम के नशे से बचना चाहते हैं? क्या बच्चे गेम के खतरे को समझ रहे हैं? क्या उन्हें गेम के खतरे समझाने की जरूरत है? आगामी बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन को भी गहराई से परखना होगा, ताकि वीडियो गेम के कुल असर का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा सके। जो कंपनियां वीडियो गेम बना रही हैं, उनके लिए नीति निर्धारण की जरूरत है। अगर किसी गेम से गहरी क्षति पहुंच रही है, तो उसे तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। लेकिन उससे भी जरूरी है अभिभावकों और बच्चों को जागरूक बनाना। ऐसा न हो जाए कि खेल-खेल में कोई परीक्षा और शिक्षा के साथ खिलवाड़ करने लगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
































# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









**खास खबर**

## नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय विधिक रोवा प्राधिकरण एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद तथा राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों में 12 मार्च 2022, दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत हेतु तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा तीन खण्डपीठों का गठन किया गया था वहीं राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया था। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष राजभान सिंह ने बताया कि उक्त लोक अदालत हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप की गठित खण्डपीठ में कुल 60 लंबित मामले रखे गये थे, जिनमें 5 मोटर दुर्घटना से संबंधित प्रकरण एवं 2 आपराधिक अपील प्रकरण कुल 7 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए 9,75,000/- (नौ लाख पचहत्तर हजार) रूपए का अवार्ड पारित किया गया वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमति संजया रात्रे की गठित खण्डपीठ में 1457 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे,जिनमें 197 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 16,98,968/-(सोलह लाख अन्ठानबे हजार नौ सौ अडसठ) रूपए का अवार्ड पारित किया गया।तथा उक्त खण्डपीठ में 247 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 66 राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरण, घरेलू हिंसा के अंतर्गत धारा 125 के तहत 3 प्रकरण,धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम से संबंधित 1 प्रकरण,3 व्यवहार याद, 41 मोटरयान अधिनियम एवं 33 अन्य प्रकरणों से संबंधित कुल 147 लंबित मामलों का निराकरण किया गया।साथ ही मोटर यान, अधिनियम,आबकारी अधिनियम, अन्य मामलों में 74,900/ (चौहत्तर हजार नौ सौ) रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# मंत्री लखमा ने दी 8 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों की सौगात

## आवापल्ली में नवीन कॉलेज का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों सहित वनवासियों और निर्धन वर्ग के हितों के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। वहीं आदिवासी अंचलों के विकास हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पहल कर रही है। विगत 3 वर्षों में समाज के हर वर्ग की बेहतरी और विकास को बढ़ावा देने के फ्लस्वरूप अब नये बदलाव परिलक्षित होने के साथ ही गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार होने लगा है।



यह बात प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री जिला बीजापुर कवासी लखमा ने जिले के उसूर ब्लाक मुख्यालय आवापल्ली में 8 करोड़ रूपए लागत के 20 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने के पश्चात आमसभा को सम्बोधित करते हुए वहीं। इस मौके पर उन्होने आवापल्ली शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया। वहीं 106 लाख 28 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित आयुर्वेदिक औषधालय आवापल्ली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली, उप स्वास्थ्य केन्द्र एंगपल्ली एवं उसूर सहित व्यावसायिक परिसर तर्रेम का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 542 लाख 86 हजार रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली खेल मैदान आवापल्ली, तालाब सौन्दर्यीकरण आवापल्ली, बाजार शेड आवापल्ली, बस स्टेण्ड आवापल्ली सहित नवीन तालाब निर्माण एंगपल्ली, कोरसागुड़ा, मलेपल्ली, लिंगागिरी तथा शापिंग काम्पलेक्स गलगम और जल-जीवन मिशन आवापल्ली, दुगईगुड़ा, पेदागेलूर, नुकनपाल एवं तिम्मापुर का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक निधि से आवापल्ली, बासागुड़ा, उसूर, ईलमिड़ी, तिम्मापुर, मुरदण्डा, चिंताकोंटा, चेरामंगी, मुरकीनार, सेमलडोडी, लंकापल्ली, एंगपल्ली, संकनपल्ली एवं संड्रेल ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर प्रदाय किया गया।

प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से आम जनता में खुशहाली आयी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, समर्थन मूल्य में लघु वनोपज खरीदी, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, ग्रामीण भूमिहीन खेतिहर मजदूर न्याय योजना आदि के जरिये किसानों, वनवासियों और गरीब लोगों के जीवन में बदलाव आया है। राज्य सरकार बस्तर अंचल में विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर पहल कर रही है। सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई के साधनों के विकास, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, पेयजल सुविधाओं की सुलभता, विद्युत सुविधा ईत्यादि को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जिससे सिलगेर, तर्रेम, गलगम, बेचापाल, बेदरे जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा मिला है। अब इन क्षेत्रों के रहवासी विकास की मुख्यधारा में सहभागी बनकर प्रदेश के विकास में व्यापक सहभागिता निभा रहे हैं। प्रभारी मंत्री लखमा ने क्षेत्र की जनता की मांग पर आवापल्ली में विश्रामगृह निर्माण सहित पामेड़ एवं मोदकपाल में नवीन धान खरीदी केन्द्र शुरू करने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मंडावी ने क्षेत्र की जनता को 8 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों की सौगात देने के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिले में विकास कार्यों को अंदरूनी ईलाकों तक पहुँचाने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है। आगामी दिनों में इस ओर और अधिक ध्यान केन्द्रीत कर पहल किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक अंतागढ़ अनूप नाग ने राज्य सरकार के विगत 3 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए कटिबद्ध होकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार कर रही है। आमसभा को जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे तथा जिला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के सदस्य बसंत राव ताटी ने भी संबोधित किया। आरंभ में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिले के विकास गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारें में अवगत कराया। इस अवसर पर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनान्तर्गत 103 हितग्राहियों को सामग्री वितरण तथा चेक प्रदान किया गया। वहीं अतिथियों ने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

## मंत्री अकबर ने महामाया मंदिर पहूंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की एवं मंदिर परिसर के निर्माण कार्यो की भूमिपूजन किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** मंदिर समिति की मांग पूरा होने पर समिति के सदस्यों प्रदेश के वन,परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने शनिवार कवर्धा के ऐतिहासिक एवं जनआस्था के केंन्द्र महामाया मंदिर में पहुंचकर वहां उन्होने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होने माहामाया मां से आशीर्वाद भी लिया। श्री अकबर ने मंदिर परिसर में सीढ़ी एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन भी किया। उन्होंने मंदिर का निरीक्षण भी किया। मंदिर समिति की मांग पर श्री अकबर ने मंदिर परिसर से लगे अन्य भूमि को भी महामाया मंदिर समिति को देने के लिए सैद्धांतिक सहमति दी। मंदिर समिति की मांग पूरा होने पर समिति के सदस्यों ने श्री अकबर को प्रति अभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कवर्धा विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली कवर्धा आगमन पर भी उन्होने समिति समिति की मांग को तत्काल सहमति देते हुए मंदिर परिसर के लिए आवश्यकता के अनुसार शासकीय भूमि प्रदान करने में पूरा सहयोग किया था। श्री अकबर के प्रयासों से ऐतिहासिक मंदिर महामाया मंदिर परिसर के सामने भी सौदर्यीकरण कार्य किया गया है। श्री अकबर ने यहां मंदिर के समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि मंदिर विकास के लिए जो भी मांगे उनके संज्ञान में लाया जाएगा उन्हे वह पूरा करने का पूरा प्रयास भी करेगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री पुष्पा होरी साहू, नीलकंठ चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष ॠषि कुमार शर्मा, अशोक सिंह सहित महामाया मंदिर समिति के अध्यक्ष बद्री प्रसाद जयसवाल, कोषाध्यक्ष डॉ अतुल देव वर्मा, उपाध्य बिसनू यादव, सचिव लोमश पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू धुर्वे, सरंक्षक श्री अक्कू यादव, तामन निर्मलकर, सदस्य रामकुमार सिन्हा, नारायपण धुर्वे, संतोष सिन्हा, शंकर पांडेय, भगवत धुर्वे, विश्वनाथ सिन्हा, लालाजी गंधर्व, दिलेश्वर जायसवाल, राज कुमार सिंन्हा, सोनू सिन्हा, भोला सिन्हा, राजू श्रीवास, रामकुमार नेताम, बद्री झारिया, उमेश झारिया एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण राजेश शुक्ला, प्रभाती मरकाम, श्री चोवा साहू विशेष रूप उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर भी होने लगी मैनपाट महोत्सव की पहचान- डॉ. डहरिया

## सी-मार्ट एवं ह्यूमिक एसिड निर्माण इकाई का किया गया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मुख्य आतिथ्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का समापन समारोह 13 मार्च को संपन्न हुआ। इस अवसर पर अम्बिकापुर में संचालित सी-मार्ट व सोहगा गोठान में ह्यूमिक एसिड निर्माण इकाई का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही गोठान कैलेण्डर का विमोचन भी किया गया।



समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि मैनपाट महोत्सव की ख्याति साल दर साल बढ़ती जा रही है और यही कारण है कि इस महोत्सव की पहचान अब राष्ट्रीय स्तर पर भी होने लगी है।

महोत्सव में स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति को आगे बढ़ाने निरंतर प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ को देश में एक अलग पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रही है। महोत्सव स्थल में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिससे इसका लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की अवधारणा है कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के तहत शासन की योजनाओं को लाभ हर व्यक्ति को मिले। योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को होने तथा योजना का क्रियान्वयन अधिकारियों के द्वारा की जाएगी तो इसका लाभ सभी लोगों को मिलेगा।

संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने मैनपाट महोत्सव के सफ्ल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि मैनपाट महोत्सव के आयोजन से कला संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन होने के साथ ही विकास के कार्य भी तेजी से हो रहे हैं।

मैनपाट को आकर्षण का केन्द्र बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैनपाट महोत्सव में हर वर्ष नया अध्याय जुड़ते जा रहा है। इस बार महोत्सव में पहली बार कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका क्षेत्रवासियों ने भरपूर आनंद उठाया। महोत्सव में अब हर साल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम ने कहा की मैनपाट महोत्सव का सभी लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं।

यहां आयोजित बेहतरीन कार्यक्रम का लोग आनंद उठाते हैं। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव का शानदार आयोजन कर सरगुजा के विकास की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक रामानुजगंज बृहस्पत सिंह ने कहा कि मैनपाट अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के साथ टाउ और आलू की खेती के लिए जाना जाता है। महोत्सव के आयोजन से अब इसकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होने लगी है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य अटल बिहारी यादव, पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, मुख्य वन संरक्षक अनुराग श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार लंगेह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# 200 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप की दी गई जानकारी

## छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर एप डाउनलोड करने पर है जिला कबीरधाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को महिलाओं एवं बालक बालिकाओं के सुरक्षा संबंधी विशेष जानकारी देकर अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप के विषय में बता कर मोबाइल फोन पर अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करा उपयोग करने का तरीका बता कर जागरूक करने निर्देशित किया गया है।

जिससे यदि जिले के किसी भी महिलाओं एवं बालक/बालिकाओं पर किसी प्रकार का अपराध घटित हो रहा है, तो वह बेझिझक होकर बिना थाना आए मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं, जिससे आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही किया जाएगा। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे एव उप. पुलिस अधीक्षक अजाक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार के मार्गदर्शन में पुराना पुलिस लाइन कवर्धा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिकाओं का प्रशिक्षण चल रहा था जिसमें महिला सेल प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रमा कोष्ठी द्वारा महिलाओं पर होने वाले अपराधों की जानकारी के साथ-साथ अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से अपने बचाव हेतु तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई कार्यक्रम में लगभग 200 सहायिकाएं उपस्थित रहे। महिला प्रधान आर0 ज्योति मरकाम, महिला आर0थालेस्वरी निषाद, रेवती साहू,आर0महेश ध्रुव, आशीष चंद्रवंशी एवं अधिक संख्या में आंगनबाड़ी सहायिका उपस्थित थे।

























## खास खबर

### इंटक ने प्रदेश कार्यालय के लिए नवा रायपुर में की डेढ़ एकड़ जमीन की मांग, संजय सिंह फिर चुने गए अध्यक्ष

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) का रविवार को पांचवां प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। यह आयोजन रायपुर के वीआईपी रोड स्थित एक होटल में हुआ। इस प्रांतीय अधिवेशन में संजय सिंह को सर्वसम्मति से फिर से इंटक का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन के लिए उन्हें पूरा अधिकार भी सौंप दिया गया है। प्रांतीय अधिवेशन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत सहित राज्य सरकार के कई मंत्री भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान इंटक की तरफ से प्रदेश कार्यालय बनाने के लिए सरकार से नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ जमीन की मांग की गई।

अधिवेशन को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत ने इंटक संगठन की सराहना की और कहा कि 15 साल तकविपक्ष में रहने के दौरान भी इंटक ने श्रमिक हित के लिए बढ़-चढ़कर काम किया। प्रदेश अध्यक्ष सिंह की सराहना करते हुए डा. महंत ने कहा कि उनके कामों की वजह से ही राष्ट्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय महासचिव पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा इंटक के समर्थन में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटक कोरबा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में निस्स्वार्थ भाव से श्रमिक हित और कांग्रेस पार्टी के हित में काम कर रही है।

### आमलकी एकादशी पर रायपुर के मंदिर खेलेंगे भगवान संग होली

**रायपुर (ए)।** राजधानी के बूढ़ापारा स्थित गोकुल चंद्रमा मंदिर में 200 साल से अधिक समय से भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप वाली प्रतिमा के समक्ष होली खेलने की परंपरा निभाई जा रही है। वसंत पंचमी से लेकर फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि तक भगवान को रंग अर्पित किया जाता है। आमलकी एकादशी के दिन मंदिर परिसर में धूमधाम से होली खेली जाती है। 14 मार्च सोमवार को भगवान संग होली खेलने की परंपरा निभाई जाएगी। मंदिर में वसंत पंचमी से भगवान को रंग अर्पित करने की परंपरा का उत्साह एकादशी से शुरू हो जाएगा, इसके बाद रंगों का पर्व धुलेड़ी तक पांच दिन होली खेलने श्रद्धालु जुटेंगे। सोमवार को आमलकी एकादशी से रंगों की होली खेली जाएगी। इसके बाद 16 मार्च को त्रयोदशी तिथि पर तेरस का बगीचा नाम से आयोजन होगा। होलिका दहन पर 17 मार्च को गुलाब फूल से दरबार सजाया जाएगा। अंतिम दिन 18 मार्च को होली के दिन बालरूप प्रतिमा के समक्ष अलग-अलग व्यंजनों की मिठाई का भोग लगाया जाएगा।

### शास्त्रीय गायन में आपने बड़ा ख्याल छोटा ख्याल की दी प्रस्तुति, दर्शन हुए मंत्रमुग्ध

**रायपुर (ए)।** मुक्तांकाश मंच में गुरुकुल द म्यूजिक अकेडमी का राष्ट्रीय कार्यक्रम 13वां पंडित बिमलेन्दु मुखर्जी स्मृति संगीत समारोह शास्त्रीय गायन और एकल सितार वादन में कलाकारों ने प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पुणे की गायिका सानिया पाटणकर ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। सानिया ने एक दुर्लभ राग बसंत केदार की प्रस्तुति दी, जिसमें आपने बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल व द्रुत रचना प्रस्तुत की। उनके साथ तबले अशोक कुर्म, हारमोनियम श्रीकांत पिसे, तानपुरे पर कावेरी यादव ने संगत की। वहीं कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गुरुकुल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मांग सरस्वती वंदना और गुरुकुल गीत से की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य थे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन सुषमा मिश्रा ने किया। रविवार को वाराणसी के दिव्यांश हर्षित श्रीवास्तव संतूर वादन, रतलाम के जनाब अहमद रजा गजल की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शाम छह बजे होगा। कार्यक्रम में अंतिम प्रस्तुति के रूप में अंतरराष्ट्रीय सितार वादिका विदुषी मंजू मेहता ने एकल सितार वादन प्रस्तुत की।

# राज्यपाल ने सिंधी समाज के 'सेवा पखवाड़ा' का किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके द्वारा रायपुर के मैक कॉलेज सभागार में सिंधी समाज के सेवा पखवाड़ा युवा विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।



इस अवसर पर सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि आज हमारे युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं। देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तरह के कार्यक्रम निश्चय ही युवाओं का मार्गदर्शन करेगा। सिंधी युवा विंग द्वारा की गई यह पहल अनुकरणीय है। स्वास्थ्य पर बोलते हुए सुश्री उइके ने कहा कि यदि हमारा समाज स्वस्थ रहेगा तभी हमारा देश तरक्की करेगा। आजकल युवा अपनी सही राहों से भटकर नशा, दुर्व्यसन जैसे बुरे कर्मो में लिप्त हो अपनी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो गया है। आज आवश्यक है कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि युवा स्वस्थ रहेगा तभी देश और देश का भविष्य स्वस्थ रहेगा। सुश्री उइके ने कहा कि कोविड -19 के उस कठिन दौर में हमने बहुत कुछ खोया है, लेकिन इसने हमें बहुत कुछ सिखाया भी है। इसके बाद आज हम अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो गये हैं।

सेवा पखवाड़ा में सिंधी समाज द्वारा नशा मुक्ति, अनाथ आश्रमों में बच्चों और बुजुर्गो की सेवा, रक्त दान शिविर और सेवा कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में सुश्री उइके ने कहा कि जिन लोगों के मन में मानवीय संवेदना होती है उनकी मदद भगवान करता है। इसलिए हमें हमेशा नि:स्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करनी चाहिए। सेवा पखवाड़ा में सिंधी समाज द्वारा समाज सेवा के लिए किए जा रहे ये कार्य निश्चय ही प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज के विकास के लिए अतिआवश्यक हैं। इसके लिए उन्होंने सिंधी समाज को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर श्रद्धेय संत साईंलाल दास, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी,सिंधी समाज के युवा विंग के अध्यक्ष अमिन चिमनानी तथा सिंधी समाज के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सिंधी समाज द्वारा आयोजित किया गया था।

# छुट्टी के दो दिन शनिवार और रविवार को जमीन की रजिस्ट्री से मिला दो करोड़ का राजस्व

**रायपुर (ए)।** छुट्टी के दिन यानी शनिवार और रविवार को पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री करने का आदेश जारी करके छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने जनता को बड़ी राहत दी है। शासन के आदेश के बाद रायपुर पंजीयन कार्यालय में शनिवार और रविवार को 202 लोगों ने रजिस्ट्री करवाई है। इससे पिछले दो दिनों में दो करोड़ 89 लाख 80 हजार 271 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। बता दें कि रायपुर पंजीयन कार्यालय को 31 मार्च तक 565 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला था, जिसे बढ़ाकर 575 करोड़ रुपये कर दिया गया है।




### 31 मार्च तक खुल रहेगा पंजीयन कार्यालय

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की जनता को राहत पहुंचाने के लिए भूमि के बाजार मूल्य की दरों में अब 40 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। छूट की घोषणा होते ही प्रदेश के पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्री की संख्या में इजाफा हो गया है, क्योंकि जमीन खरीदी पर इस विशेष छूट का लाभ प्रदेशवासी सिर्फ 31 मार्च तक ही उठा सकेंगे, इसलिए शनिवार और रविवार को भी पंजीयन करा सकेंगे।

प्रदेश के ज्यादातर लोग इसका लाभ लेने की कोशिश में है। इसका जीता-जागता उदाहरण है कि रायपुर पंजीयन कार्यालय में 12 मार्च, 2022 शनिवार को 89 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है। इससे शासन को एक करोड़ 18 लाख 12 हजार 813 रुपये तथा 13 मार्च 2022 रविवार को 113 पंजीयन हुआ है। इससे एक करोड़ 71 लाख 67 हजार 458 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। सरकार के इस फैसले से जहां आम जनता को काफी राहत मिल रही है तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में रियल एस्टेट कारोबार में उछाल आई है।

प्रदेश में बिना छूट के एक हजार वर्ग फीट की जमीन खरीदने पर यदि कलेक्टर गाइडलाइन रेट 500 रुपये वर्ग फीट है, तो गाइडलाइन की दर से उसे 5 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी 6.25 प्रतिशत लगेगी यानी 31 हजार 250 रुपये के स्टांप खरीदना पड़ता है।

इसी प्रापर्टी पर यदि 40 प्रतिशत छूट मिल छूट मिलने पर 6 लाख रुपये पर 6.25 प्रतिशत के हिसाब से 18 हजार 750 रुपये के स्टांप ही खरीदने होंगे। अब 10 लाख तक की जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में 25000 रुपये का लाभ जनता को मिल रहा है।

# व्यापारियों के विरोध के बाद गोलबाजार की दुकानों की फिर से हो रही नपाई

**रायपुर (ए)।** गोलबाजार की दुकानों के आकार को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन ने इनकी दुकानों का आकार बढ़ा दिया है। इसके आधार पर निगम ने राजस्व सहित अन्य टैक्स के सात रजिस्ट्री शुल्क भी बढ़ा दिया है। इसे लेकर गोलबाजार के व्यापारी फिर से विरोध व्यक्त करने लगे हैं। व्यापारियों के विरोध के बाद निगम ने नपाई का काम फिर से शुरू किया है। अधिकारियों का कहना है कि होली के बाद फिर से नापजोख किया जाएगा।



बता दें कि जिला प्रशासन ने गोलबाजार की दुकानों का नापजोख कराया था। इससे पूर्व व्यापारियों ने दुकानों के जो कागज दिए थे, निगम उसके अनुसार ही टैक्स की वसूली करता था। इधर, जिला प्रशासन ने जब दुकानों की साइज नपवाई तब वो अधिक निकली। इसके बाद निगम ने भी टैक्स बढ़ा दिया।

इसके विरोध में व्यापारियों ने आपत्तियां प्रस्तुत की। 579 दुकानों के मूल्यांकन में 300 से अधिक आपत्तियां मिलीं। सबसे अधिक आपत्ति साइज को लेकर ही है। इन आपत्तियों और व्यापारियों के प्रत्यक्ष विरोध के बाद निगम ने फिर से मूल्यांकन करवा रहा है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन ने जो नापजोख कराया, उसमें राजस्व विभाग के ही अधिकारी शामिल थे।

गोलबाजार की दुकानों का दस्तावेजों में आकार बढ़ने के कारण विकास शुल्क और रजिस्ट्री का खर्च बढ़ गया है। दुकानदारों को जब रजिस्ट्री और विकास शुल्क के बढ़ने की जानकारी मिली तब इन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। अब दुकानों की लंबाई-चौड़ाई नए सिरे से नापने के बाद अंतर मिल रहा है। इसलिए निगम की ओर से व्यापारियों को संतुष्ट करने के लिए फिर से नापजोख किया जा रहा है।

# कलेक्टोरेट की तर्ज पर आरंग में सभी शासकीय कार्यालयों के लिए होगी कंपोजिट बिल्डिंग




नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा पर कंपोजिट बिल्डिंग और हाईटेक बस स्टैंड सहित विभिन्न कार्यों के लिए करोड़ों रूपए स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास और श्रम मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग को अनेक विकास कार्यों की सौगात दी है। कलेक्टोरेट की तरह आरंग में भी सभी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाने कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा पर इसके लिए सात करोड़ रूपए से अधिक की राशि मंजूर की गई है। कंपोजिट बिल्डिंग बनने से आरंग के लोगों को शासकीय कार्यालयों में आने-जाने के लिए भटकना नही पड़ेगा। सभी शासकीय कार्यालय एक ही जगह पर व्यवस्थित होंगे। विकासखंड मुख्यालय आरंग में यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बस स्टैंड भी बनाया जाएगा। बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स के लिए छह करोड़ 81 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। आरंग को देश के विकसित और आधुनिक शहरों में शामिल करने वहां विभिन्न विकास कार्यो के लिए 20 करोड़ 40 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं।

नगर पालिका आरंग का विस्तार करते हुए ग्राम पंचायत बैहार और घुमराभांठा को भी अब आरंग नगर पालिका में शामिल किया गया है। बैहार एवं घुमराभाठा में शहरों की तरह मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर पालिका में शामिल होने के बाद वहां विद्युत, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई की व्यवस्था सहित अन्य नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई है। आने वाले समय में आरंग देश के आधुनिक शहरों की तरह विकसित होगा। गौरतलब है कि विगत तीन सालों में नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने आरंग के विकास के लिए करोड़ों रूपए की सौगात दी है।

# गर्मियों में लू से बचें, यह कर सकता है आपको बीमार

**रायपुर।** गर्मियों के मौसम में लू लगने से बीमार होने के अनेक मामले आते हैं। कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर इससे बचा जा सकता है। ग्रीष्म ॠतु में लू चलना आम बात है। इस मौसम में तेज धूप एवं गर्मी के कारण लू लगने की संभावना रहती है। लू लगने का प्रमुख कारण शरीर में नमक और पानी की कमी होना है। पसीने के रूप में शरीर से नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से बाहर निकल जाता है और खून में गर्मी बढ़ जाती है।

लू लगना खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है। शरीर में कुछ लक्षणों के आधार पर जाना जा सकता है कि हमें लू लग गयी है। बहुत तेज बुखार आना, सिर भारी लगना, शरीर से पसीना न निकलना, उल्टी होना, हाथ-पैर में दर्द होना, त्वचा का सूखा, गर्म व लाल होना, चक्कर एवं बेहोशी आना इसके लक्षण हैं।

### लू से बचाव

कुछ सामान्य उपाय अपनाकर लू से बचा जा सकता है। गर्मियों में पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें, सफेद या हल्के रंग का सूती का कपड़ा पहनें, धूप के चश्मे, टोपी तथा छाता का प्रयोग करें, धूप में बाहर निकलने से बचें। यदि धूप में निकलना जरूरी हो तो खाली पेट घर से बाहर न निकलें। गर्मी के दिनों में शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए व दिन में बार-बार पानी का सेवन करते रहना चाहिए। नाक व कान को ढंककर या लपेटकर निकलें। धूप के चश्मे, टोपी और छाता का इस्तेमाल करें। मौसमी फलों जैसे तरबूज़, अंगूर, खरबूज़ा इत्यादि का सेवन भी लू से बचाव में लाभदायक रहता है। लू के लक्षण होने पर तुरंत अपने नज़दीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र जाएं या मितानिन से संपर्क करें।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243



























## खास खबर



### 'कुमकुम भाग्य' फेम पूजा बनर्जी के घर नन्ही परी ने लिया जन्म

टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी ने बेटी को जन्म दिया है। इस बात की जानकारी पूजा के भाई नील बनर्जी दिया है। नील ने कहा, हम अभी नागपुर में हैं और काफी खुश हैं, क्योंकि हमारे परिवार में एक नया सदस्य आया है। घर-परिवार में जश्न का माहौल है। बेबी के पिता और दादी, पूजा के साथ हॉस्पिटल में हैं। हम नन्हीं परी को देखने के लिए बहुत बेताब हैं। हालंकि पूजा ने अभी तक इस बात की ऑफीशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

### अर्चना पूरन सिंह ने खुद पर बने मीम्स पर किया रिएक्ट

एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह ने हाल ही में नवजोत सिंह सिद्धू के इलैक्शन में हारने के बाद उन्हें लेकर वायरल हो रहे मीम्स पर रिएक्ट किया है। अर्चना ने कहा, लोगों को ऐसा क्यों लगता है कि मेरे पास काम नहीं है। लोग मेरे साथ ऐसे क्यों बर्ताव करते हैं कि अगर नवजोत सिंह सिद्धू 'द कपिल शर्मा शो' में वापस आते हैं तो मेरे पास कोई काम नहीं रहेगा। किसी व्यक्ति ने शो छोड़कर राजनीति में जाने का विचार किया, उसे अभी भी शो से जोड़कर देखा जाता है। मैं राजनीति में कभी नहीं रही हूं। मेरा शो में एक खास रोल है, जिसे मैं अच्छे से निभा रही हूं, लेकिन जब भी सिद्धू से जुड़ा कुछ भी होता है, तो मुझ पर मीम्स बनते हैं जो कि बहुत ही खराब बात है।

### कंगना रनोट ने करणवीर बोहरा को लगाई जमकर फटकार

कंगना रनोट का शो 'लॉक अप' का हाल ही में प्रोमो रिलीज किया गया, जिसमें कंगना ने करणवीर बोहरा को जमकर फटकार लगाई। दरअसल शो में कंटेस्टेंट अंजलि अरोड़ा ने करणवीर बोहरा से जुड़ी चौंकाने वाली बात शेयर की थी। उसी बात पर कंगना ने करणवीर की जमकर क्लास लगाई और कहा, करणवीर आप पहली बार चार्जशीट में आए। इसके साथ इससे लगता है कि आप डर गए। अंजली से आपने फेक क्रश दिखाने के लिए कहा था। इस पर करणवीर कहते हैं, शोज में ऐसे फेक एंगल लाते हैं। इसके बाद कंगना गुस्से में आ जाती हैं और कहती हैं, यहां कुछ भी फेक नहीं है। आप ये जो शुरू करना चाहते हैं। क्या इससे आपकी पत्नी और बच्चों पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

### साइशा शिंदे ने किया खुलसा

'लॉकअप' कंटेस्टेंट साइशा शिंदे ने हाल ही में अपनी लाइफ के बारे में कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए। दरअसल एक टास्क था, जिसमें नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स को बचने के लिए अपने राज खोलने थे। इसमें साइशा ने बताया कि जब वो 10 साल की थीं तब उनके करीबी फैमिली मेंबर ने उनका मोलेस्टेशन किया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वो उनसे कुछ साल बड़े थे। उस समय वो कन्फ्यूज्ड थीं कि इसको मोलेस्टेशन कहना ठीक है या नहीं क्योंकि दोनों में ज्यादा एज गैप नहीं था। साइशा ने बताया कि कुछ साल समझने के बाद उन्होंने समझा कि वो मोलेस्टेशन ही था।

## रोहित शेट्टी के नाम है '100 करोड़ क्लब' की सबसे ज्यादा फिल्में बनाने का रिकॉर्ड

# 13 साल तक किया था असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम



बॉलीवुड के सबसे फेमस डायरेक्टर्स में से एक रोहित शेट्टी आज अपना 49वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। उन्होंने 'गोलमाल', 'सिंघम' और 'दिलवाले' जैसी हिट फिल्मों का निर्देशन किया है। इंडियन ऑडियंस को उनकी फिल्मों में एक्शन सीन और लाइट ह्युमर काफी पसंद आता है। हालांकि कुछ ही लोगों को इस बारे में पता है कि जिस मुकाम पर वो आज हैं, उसे हासिल करने के लिए उन्होंने बहुत संघर्ष किया है।

### रोहित ने बचपन में खो दिया था पिता को

रोहित शेट्टी का जन्म 14 मार्च 1973 को मुंबई शहर में हुआ था। रोहित मशहूर स्टंटमैन और विलेन एमबी शेट्टी के बेटे हैं। लेकिन बचपन में ही उन्होंने अपने पिता को खो दिया था। रोहित की मां रत्ना अपने पति के असमय निधन के बाद फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर काम किया करती थीं।

### 13 साल तक असिस्टेंट डायरेक्टर रहे

साल 1991 में रोहित ने महज 17 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अजय देवगन स्टारर फिल्म 'फूल और कांटे' में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया था। इस फिल्म में रोहित ने डायरेक्टर कुकु कोहली के अंडर काम किया था। इसके बाद उन्होंने 13 साल तक असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर ही काम किया।

### फिल्म 'जमीन' से किया था डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू

रोहित शेट्टी ने अपना करियर डेब्यू अजय देवगन की फिल्म 'फूल और कांटे' से किया था, तब से ही रोहित के अजय देवगन के साथ अच्छे संबंध थे। इसलिए 2003 में उन्होंने अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म 'जमीन' में अजय देवगन को कास्ट किया था। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।

### फिल्म 'गोलमाल' से मिला था ब्रेक

2006 में आई कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के साथ रोहित को डायरेक्टर के तौर पर पहली सफलता मिली। अजय देवगन, अरशद वारसी और तुषार कपूर स्टारर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। इसके बाद रोहित ने 'गोलमाल रिटर्न्स', 'गोलमाल 3', 'सिंघम' सीरीज और 'बोल बच्चन' जैसी कई हिट फिल्मों को डायरेक्ट किया।

### 'चेन्नई एक्सप्रेस' डॉमेस्टिक मार्केट में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

2013 में, शेट्टी की शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर हिट फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' रिलीज हुई, जो डॉमेस्टिक मार्केट में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई।

### 100 करोड़ क्लब की लिस्ट में शामिल

रोहित शेट्टी बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले डायरेक्टर्स में से एक हैं और सबसे ज्यादा '100 करोड़ क्लब' की डॉमेस्टिक फिल्में बनाने का रिकॉर्ड रखते हैं।

### पर्सनल लाइफ

बात करे, रोहित शेट्टी की शादी की तो उन्होंने मई 2005 में माया से शादी की, दोनों का एक बेटा भी है। उनके बेटे का नाम इशान शेट्टी है।

# 'फ्लावर' नहीं 'फायर' होगी पुष्पा 2, सीक्वल में हिंदी दर्शकों पर होगा खास फोकस



साउथ सिनेमा की फिल्में अब सिर्फ साउथ तक ही सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि इनका जादू हिंदी भाषियों पर भी सिर चढ़कर बोल रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म को 'पुष्पा' ने साउथ के साथ-साथ हिंदी में भी ताबड़तोड़ कमाई की है। फिल्म के डायलॉग और गाने सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। विदेशों में भी फिल्म ने खूब कमाई की है। कई विदेशी लोगों ने भी इसके डायलॉग्स और गानों पर खूब वीडियोज बनाए हैं। अब दर्शकों को पुष्पा के दूसरे पार्ट का इंतजार है। खबरों के अनुसार फिल्म निर्माता 'पुष्पा 2' बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके सीक्वल को लेकर फिल्म निर्माता कई बातों का ध्यान रखेंगे।

पुष्पा के निर्माता इसके सीक्वल में स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जिसका प्रभाव उत्तर भारतीय दर्शकों पर पड़ेगा। इस फिल्म में ज्यादातर फोकस हिंदी दर्शकों पर होगा, जो कई मायनों में फिल्म के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। फिल्म के निर्माता के अनुसार लोगों पर बड़ा प्रभाव छोड़ने के लिए इसकी स्क्रिप्ट में पॉलिश किया जाएगा।

इस बात का भी दावा किया जा रहा है पुष्पा के सीक्वल की शूटिंग की तैयारी शुरु हो गई है। इसके अगले पार्ट का नाम 'पुष्पा द रुल' रखा जाएगा। इसके दूसरे पार्ट में अल्लू अर्जुन के किरदार में बदलाव लाया जाएगा। दूसरे पार्ट में दिखाया जाएगा कि पुष्पा चंदन की तस्करी करते हुए पूरे सिंडिकेट का मालिक बन जाता है।

एक्शन से भरपूर इस फिल्म के पहले पार्ट को 17 दिसंबर को रिलीज किया जा चुका है। इस साल के अंत तक इसके दूसरे पार्ट के आने की संभावना है। यह फिल्म आंध्रप्रदेश के जंगल शेषचलम में लाल चंदन की लकड़ियों की तस्करी पर आधारित है। जिसमें अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं।

# भारत के बाद चीन में सबसे ज्यादा पॉपुलर हैं आमिर खान, चार साल से नहीं की कोई फिल्म लेकिन कमाई करोड़ों में



आमिर खान हिंदी सिनेमाजगत के ऐसे हीरो हैं जिनके साथ काम करने के लिए हर एक्टर बेकरार रहता है। इतना ही नहीं साल-दो साल में एक फिल्म करने वाले आमिर की फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। आमिर के जन्मदिन पर #HappyBirthdayAamirKhan ट्रेंड कर रहा है। वे पिछले साल ही सोशल मीडिया से अलविदा ले चुके हैं लेकिन फैंस से जुड़े रहने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। आमिर खान ने 'कयामत से कयामत तक' फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी।

### 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर बिजी हैं आमिर

अब आमिर अपनी अगली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को लेकर बिजी हैं। जैसे-जैसे आमिर की उम्र ढल रही है वैसे-वैसे उनके काम में परफेक्शन बढ़ता जा रहा है। उनकी हर फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर 300 से 400 करोड़ कमाती है। लाल सिंह चड्ढा इसी साल 11 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। आमिर ने अपने करियर में, दंगल, पीके, 3 इडियट्स, तारे जमीन पर, गजनी जैसे सुपरहिट फिल्में की हैं।

### चीन में पॉपुलर हैं आमिर खान

अपने 34 साल के एक्टिंग करियर में आमिर खान ने करीब 47 फिल्मों में काम किया है। ये बात आपको जानकर हैरानी होगी कि आमिर खान को भारत के बाद सबसे ज्यादा चीन में पसंद किया जाता है। आमिर खान चीन में सर्वाधिक मशहूर अंतरराष्ट्रीय अभिनेता हैं। उनकी फिल्म दंगल ने चीन में करीब 1400 करोड़ और सीक्रेट सुपरस्टार ने 800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। इसके अलावा आमिर की थ्री इडियट ने भी चीन में डंका बजाया और खूब कमाई की। ये चीन में आमिर की पहली फिल्म थी।

### दो-तीन साल में एक फिल्म लेकिन कमाई करोड़ों में

आमिर खान 1560 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। वे आखिरी बार ठग्स ऑफ हिंदुस्तान में नजर आए थे। आमिर मंझे हुए एक्टर होने के साथ प्रोड्यूसर और डायरेक्टर भी हैं। वे फिल्मों और एंडोर्समेंट से कमाई करते हैं। विज्ञापन के लिए आमिर करीब 12 करोड़ रुपये फीस लेते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आमिर अपनी एक फिल्म की फीस 85 करोड़ लेते हैं। इसके अलावा उनके पास कई लग्जरी गाड़ियां हैं।

### एक फिल्म से तोड़ देते हैं सभी रिकॉर्ड

आमिर खान की फिल्म में पैसा लगाना सोने में इन्वेस्ट करने के समान है। आमिर जिस प्रोजेक्ट में काम करते हैं, वह सोना उगलने लगता है। ठग्स ऑफ हिंदुस्तान को छोड़ दें तो आमिर की पिछली सभी फिल्में सुपर डुपर हिट रही हैं। लाल सिंह चड्ढा से आमिर चार साल बाद कमबैक कर रहे हैं। ये फिल्म हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म फॉरेस्ट गंप की हिंदी रीमेक है।

# शिमला की कड़क ठंड में अनिल कपूर ने पूल में लगाई छलांग, फैंस बोले- झक्कास



बॉलीवुड इंडस्ट्री में अनिल कपूर अपनी फिटनेस, लुक्स और शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उनका फिटनेस मंत्र आज भी लोगों के लिए सवाल बना हुआ है। 65 साल उम्र होने के बावजूद आज भी उनकी उम्र का अंदाजा मुश्किल है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं और अपने दोस्तों के साथ समय बिताने में आगे रहते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने जो फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है, उसे देखकर उनकी उम्र के लोग सीख ले सकते हैं।

अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वह अपने दोस्तों के साथ स्वीमिंग पूल में डाइव मारते और दोस्तों के साथ तस्वीरें खिंचाते दिख रहे हैं। अनिल कपूर काला चश्मा और टोपी लगाए दिख रहे हैं। तस्वीर शेयर करने के बाद अनिल के परिवार के लोग और फैंस उसपर कमेंट कर रहे हैं।

कमेंट सेक्शन में अनिल कपूर के दामाद करण बूलानी ने लिखा- हॉट टब में हो क्या रहा है...चलिए आप इसमें रहिए। मशहूर कोरियोग्राफर फराह खान ने भी कमेंट सेक्शन में लिखा- पापजी...इसके बाद उन्होंने हंसने वाला इमोजी बनाया है। इसके अलावा अनिल कपूर के फैंस उनकी तस्वीर पर दिल और फायर वाले इमोजी बना रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनिल कपूर की आगामी फिल्म 'जुग जुग जियो' में वरुण धवन और कियारा आडवाणी के साथ नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह 'फाइटर' में भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण भी दिखाई देंगे।

# बंगाली एक्ट्रेस रूपा दत्ता हुईं गिरफ्तारः पॉकेट मारी के आरोप में एक्ट्रेस को पुलिस ने पकड़ा तलाशी में बैग से मिले काफी कैश और कई वॉलेट

बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपा दत्ता गिरफ्तार हो गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूपा को पुलिस ने पॉकेट मारी के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह घटना कोलकाता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला के दौरान की है। जहां एक पुलिस अधिकारी ने एक महिला को पब्लिक प्लेस पर कूड़े में बैग डालते हुए देखा था, इसके बाद महिला को शक के आधार पर पकड़ लिया गया।



### पुलिस ने एक्ट्रेस के बैग से पकड़े कई वॉलेट

विधान नगर उत्तर पुलिस स्टेशन के सूत्रों के मुताबिक, यह मामला बीते शनिवार को सामने आया था जब एक महिला कूड़ेदान में एक बैग फेक रही थी। शक होने पर पुलिस ने महिला से पूछताछ शुरू की। इसके साथ ही बैग की तलाशी भी ली, जिसमें पुलिस ने काफी कैश पकड़ा। बैग की तलाशी लेने के दौरान पुलिस को उसमें और भी कई वॉलेट मिले। साथ ही जांच में महिला ने इस बात को कबूल भी किया कि वो अलग-अलग जगहों पर जाकर ऐसा करती है। महिला मेलों, इवेंट्स और लोगों से भरी जगहों पर पॉकेट मारती है।

### रूपा ने लगाए थे अनुराग कश्यप पर गलत आरोप

पुलिस के मुताबिक, रूपा दत्ता वही एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने कुछ साल पहले फिल्ममेकर अनुराग कश्यप पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का गलत आरोप लगाया था। 2020 में रूपा दत्ता ने अनुराग कश्यप पर फेसबुक पर गलत मैसेज भेजने का आरोप लगाया था। लेकिन बाद में यह पता चला था कि रूपा, अनुराग के नाम से ही किसी अन्य व्यक्ति से बात कर रही थीं। रूपा ने एक ट्वीट में अपनी चैट के स्क्रीनशॉट शेयर किए थे।












## खास खबर

### राज्यपाल सुश्री उइके ने स्व. गोविंद लाल वोरा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज प्रगति शिक्षा केन्द्र में दिवंगत पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्व श्री गोविंद लाल वोरा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रगति एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि पत्रकारिता जगत के पुरोधा स्व. गोविन्द लाल वोरा को निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने अमूल्य योगदान दिया है। सुश्री उइके ने बताया कि देश के विकास और लोककल्याण में लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के युवा पत्रकारों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि सिद्धांतो से समझौता किये बिना भी पत्रकारिता की जा सकती है। जन-जन की आवाज बनें और सदा पीड़ित-शोषित लोगों के अधिकारों के लिए कार्य करें।

मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के इस अवसर पर दुर्ग विधायक अरुण वोरा, महापौर दुर्ग धीरज वाकलीवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास, वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार रमेश नैयर, गिरीश वोरा प्रगति एजुकेशन समूह के सदस्य, विद्यार्थी एवं पालक गण उपस्थित थे।

### साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**गरियाबंद।** तहसील कछार साहू संघ गरियाबंद का 69 वाँ वार्षिक अधिवेशन 13 मार्च 2022 रविवार को साहू छात्रावास भवन डाकबंगला गरियाबंद में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मां कर्मा मंदिर में पूजा अर्चना , महा आरती कर किया गया।इसके पश्चात आदर्श विवाह सम्पन्न किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ महेन्द्र साहू अध्यक्षता भुनेश्वर साहू,अध्यक्ष,जिला साहू संघ गरियाबंद , विशिष्ट अतिथि तहसील अध्यक्ष एवं सचिवगण नारायण साहू, हेमराज साहू,राजिम, देव चरण साहू पितांबर साहू , मैनपुर,रामेश्वर साहू ,देवभोग,राजेश साहू,राधेलाल साहू , छुरा ,विशेष आमंत्रित अतिथि परिक्षेत्र अध्यक्ष एवं सचिव गण महेन्द्र साहू,बिरेन्द्र साहू,पाण्डुका,मोतीराम साहू,रामरतन साहू छुरा,कमलेश साहू,दुम्मन साहू, कोपरा, त्रिलोचन साहु,रेखचंद साहू मडेली रहे,कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज की संगठित होकर कार्य करते हुये समाज के लोगो को आगे बढाने ,उच्च शिक्षा के लिए समाज के लोगो को सुविधाएं प्रदान करने व समाज के आयोजनों में व्यर्थ खर्चो पर पाबन्दी लगाने की बात कही। सामाजिक सधिवेशन में महिलाओं ने भी बढ़ कर हिस्सा लिया।

# राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़कर बस्तर को विकसित किया जाएगा-मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में आयोजित सरपंच, पंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्योग, वाणिज्यिक एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़कर बस्तर को विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों सहित वनवासियों और निर्धन वर्ग के हितों के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।**



आदिवासी अंचलों के विकास हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ विगत 3 वर्षों में समाज के हर वर्ग की विकास के लिए कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने तेन्दूपत्ता की पारिश्रमिक दर 2500 रूपये से बढ़ाकर 04 हजार रूपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 की बजट में पुरानी पेंशन बहाल करने से प्रदेश के कर्मचारियों में खुशी की लहर है। इसी प्रकार संभाग के गायता, मांझी, पुजारी, सरपंच, पंच आदि के लिए बजट में मानदेय का प्रावधान करने वाली पहली सरकार है। सरकार ने वनवासियों के हित में काम करते हुए वनाधिकार पट्टा दे रही है, जिससे लोगों में उत्साह है। श्री लखमा ने कहा कि परलकोट क्षेत्र के किसानों की फसल ओलावृष्टि से नष्ट होने पर सरकार ने क्षतिपूर्ति राशि 06 करोड़ रूपये स्वीकृत किया है। राज्य सरकार बस्तर अंचल में विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई के साधनों के विकास, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, पेयजल एवं विद्युत सुविधा इत्यादि को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम को बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर विधायक श्री विक्रम शाह मण्डावी, विधायक अंतागढ़ श्री अनूप नाग ने भी संबोधित किया।

उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने जिले के कायेलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव में आयोजित सरपंच, पंच सम्मेलन में क्षेत्रवासियों को विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 11 करोड़ रूपए की सौगात दिये हैं। इस मौके पर उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत् 09 जल प्रदाय रेट्राफिटिंग कार्य के 595.94 लाख रूपये, गोंडाहूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 10.85 लाख, हाईस्कूल भवन कोरेनार में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 11.49 लाख, उप स्वास्थ्य केन्द्र पी.व्ही. 63 में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 3.89 लाख, उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़गांव में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 15.507 लाख, उच्च माध्यमिक शाला बारदा में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 22.844 लाख, उच्च माध्यमिक शाला मेंडरा में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 15.507 लाख, उच्च माध्यमिक शाला पी.व्ही. 05 में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य हेतु 10.66 लाख और व्यवहार न्यायालय भवन पखांजूर में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 12.27 लाख तथा मुख्यमंत्री गौरव पथ अंतर्गत विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के बड़ेझाड़कट्टा में 93.07 लाख रूपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण और जिला खनिज न्यास निधि से पित्तेभोड़िया में 18 लाख रूपये की लागत से आरसीसी पुलिया निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

# आजादी की रक्षा हर भारतीय की सम्मिलित जिम्मेदारी : डीआईजी

## 11 प्रतियोगिताओं के 57 विजेता प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार व प्रमाणपत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर(पीआईबी)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय रायपुर द्वारा महामाया मंदिर रतनपुर के नवीन धर्मशाला परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव विषयक चित्र प्रदर्शनी के तीसरे दिन विविध प्रकार की जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सबसे पहले 13 मार्च 1940 को जालियावाला बाग नरसंहार के जिम्मेदार जनरल डायर से बदला लेने वाले अमर सेनानी उधम सिंह जी को याद किया गया।**



इसके बाद देशभक्ति गीत व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीत गायन से प्रतिभागियों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। मेहंदी प्रतियोगिता में पूनम जोशी ने अमृत महोत्सव की प्रतिकृति बना बाजी मारी। तीन दिनों में कुल 11 प्रकार की जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 57 प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी एलएन मिश्रा, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसईसीआर के सीपीआरओ साकेत रंजन, आरपीएफ के डीसीएस कुमार निशांत, राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह व प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय के प्रमुख शैलेष फाये द्वारा पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ बिलासपुर के डीआईजी एलएन मिश्रा ने कहा कि प्रदर्शनी में भारत के आजादी आंदोलन के इतिहास को रेखांकित किया गया है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि आज देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वर्दी वालों की नहीं है। मैं यहां वर्दी में यह बताने आया हूं कि बिना नागरिक सहयोग के वर्दी की कोई अहमियत नहीं है। वर्दीधारी आम नागरिक के सहयोग की बदौलत ही बर्फ से लेकर रेगिस्तान तक देश की सुरक्षा में जुटे हैं। इस लिहाज से देश की सुरक्षा, आजादी की संरक्षा हम सभी की सम्मिलित जिम्मेदारी है। इस महोत्सव से प्रेरणा लेकर हम सभी लोग देश की अक्षुण्णता का संकल्प लें।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व एसईसीआर के सीपीआरओ साकेत रंजन ने वीर रस की कविता व वक्तव्य से आजादी का अमृत महोत्सव की महत्ता के बारे में बताया। आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त कुमार निशांत ने स्वरचित देशभक्ति कविता से आजादी का अमृत महोत्सव के बारे में समझाया। राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने छत्तीसगढ़ी संदेश के माध्यम से अमृत महोत्सव पर प्रकाश डाला। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शैलेष फाये ने सभी को चित्र प्रदर्शनी की विशेषताओं के बारे में बताया व सभी अतिथियों का स्वागत किया। सहयोग के लिए मंदिर प्रबंधन, भारतीय डाक, रेल, सीआरपीएफ, जिला प्रशासन समेट सभी का आभार क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने माना. कार्यक्रम के संयोजन के में मंत्रालय के खेलन दीवान, केवी गिरी, शशांक सचान, अंबिका लाल व जवाहर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### देशभक्ति कविता पाठ का आयोजन

आजादी का अमृत महोत्सव चित्र प्रदर्शनी के तहत कविता पाठ का आयोजन किया गया। इसमें दिनेश पांडेय, शुकदेव कश्यप, डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा, काशीराम साहू, रश्मि गुप्ता, ब्रजेश कश्यप, आस्था कश्यप, रमेश्वर गुप्ता व रविंद्र सोनी का योगदान रहा।

शिक्षा ही देश का भविष्य

# राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके राज्यपाल ने स्मार्ट सिटी पर बच्चों की पेंटिंग को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल ने शैक्षणिक संस्थाओं और बच्चों को सम्मानित किया राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके दैनिक भास्कर समूह 94.3 माय एफएम द्वारा आयोजित शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह में रोमन पार्क पहुचीं थीं

इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं को विभिन्न क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। राज्यपाल ने स्मार्ट सिटी पर बच्चों की पेंटिंग की तारीफ की।

राज्यपाल ने कहा कि मैंने आपकी स्मार्ट सिटी की परिकल्पना पर पेंटिंग देखी। आपने इतनी सुंदर पेंटिंग बनाई और अपने सपनों के शहर को इस तरह से दिखाया है कि मुझे यकीन है कि आप लोग देश का भविष्य हैं। ट्विन सिटी में पचास से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं और बच्चों को सम्मानित करने के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में ही देश का भविष्य निहित है। यहां जितना बेहतर काम होगा, उतना ही देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की कल्पना में जो शहर दिखता है, वो कितना सुंदर है। यहां आधुनिक सुविधाएं हैं। सर्वधर्मसदभाव है। यह सुंदर परिकल्पना दिखाती है कि हमारे बच्चों में कितनी संभावनाएं हैं।

शैक्षणिक संस्थाएं जितने दायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करेंगी, उतना ही बेहतर देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। विश्व पटल में भारत की अलग पहचान बनेगी। महाविद्यालयों और स्कूलों में पढ़ाई की जितनी सुंदर व्यवस्था होगी और इस क्षेत्र में आ रही नई पद्धतियों को अपनाएंगी, शिक्षा का उतना ही विकास होगा। ऐसे सम्मान समारोह बहुत उपयोगी है। इससे शैक्षणिक संस्थाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी और शिक्षा का स्तर बेहतर होता जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो सम्मान इन शैक्षणिक संस्थाओं को दिया गया है उससे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति प्रधानमंत्री महोदय के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर है। बच्चों को पढ़ाई के साथ ही सांस्कृतिक विकास और कौशल विकास के लिए भी तैयार किया जाता है। बच्चे अपने परिवेश की बेहतर समझ हासिल करें और इसे सहेजने की दिशा में बढ़ सके।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 की शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में काम हो रहा है। राज्यपाल ने आयोजनकर्ता माईएफएम 94 प्वाइंट 3 और दैनिक भास्कर समूह को भी इस पहल के लिए प्रशंसा की।

# मुख्यमंत्री बघेल से सतत् विकास लक्ष्यों के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रवासी भारतीय विशेषज्ञों ने की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और राज्य ग्रीन काउंसिल के अध्यक्ष श्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में नीदरलैंड व अमेरिका से आए हुए प्रवासी भारतीय विशेषज्ञों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं छत्तीसगढ़ ग्रीन काउंसिल के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप शर्मा भी मौजूद थे।**



बैठक में वैश्विक परिवार को जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से बचते हुए सतत विकास जारी रखने और इस परिप्रेक्ष में नए उद्योगों की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विशेषज्ञों को छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं द्वारा गोबर से बनाया गया गुलाल भेंट किया। बैठक में, सीईओ एसईडी फंड विकास मेहता (अमेरिका), डिप्टी डायरेक्टर एसईडी फंड डॉ कार्तिकेय सिंह (नीदरलैंड) एवं सीईओ स्वानिती इनिसिएटिव की सुश्री रित्विका भट्टाचार्य मौजूद थी।

मुख्यमंत्री ने उन्हें छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश में लागू की गई सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना, गोधन न्याय योजना, गोबर से वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन, गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने की पहल और इन योजनाओं से छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों को मिलने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि वर्मी कंपोस्ट उत्पादन के साथ-साथ किसानों द्वारा इसके स्वस्फूर्त बढ़ते उपयोग के चलते छत्तीसगढ़ जैविक खेती की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गोबर से बिजली उत्पादन और पेंट बनाने की शुरुआत भी की जा रही है। गौठनों में संचालित आर्थिक गतिविधियों से ग्रामीणों और महिलाओं को रोजगार और आय के नए अवसर मिले हैं।

# बच्चों का पालन पोषण करना महत्वपूर्ण और महान कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा। कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका 5 वर्ष तक के बच्चों की देखरेख, पौष्टिक आहार आदि का प्रबंध कर उनकी सेवा, संस्कार और पालन पोषण के गुरुतर दायित्वों का निर्वहन करतीं हैं। उन्होंने कहा बच्चे को उनका पालन पोषण करने वाले वंदनीय और महान होते हैं।**



वे शनिवार को जिले की नगर पंचायत डभरा के अग्रसेन भवन में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिकाओं के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकार से बड़ा कर्तव्य होता है। समाज को स्वस्थ बनाने, बच्चों के विकास में महिला एवं बाल विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कलेक्टर ने कहा कि डभरा खंड में कुपोषण दर ,मातृ मृत्यु दर जिले में सबसे कम है इसका श्रेय यहां की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को जाता है। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि कोरोना काल में जब डॉक्टर हड़ताल पर थे तब विभागीय मैदानी कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए नीव का काम किया । उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त समय में माता-पिता के लिए एक बच्चे का पालन कठिन होता है , ऐसी परिस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका 5 वर्ष तक 25-30 बच्चों की देखभाल कर उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य करतीं है। बच्चों को ममता और उनके सेवा का काम करती है, यह महान कार्य है।

कार्यक्रम के मेजबान विधायक श्री राम कुमार यादव ने कहा कि माता-पिता की जरूरत के समय उनकी बेटी ही आगे आती है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ही महिलाओं को सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि लड़कियां लड़कों की तुलना में परिवार के प्रति अधिक प्रतिबद्ध और समर्पित रहती है चाहे वह कहीं भी रहे। उन्होंने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि वे माता-पिता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें और उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कश्यप ने कहा कि शिशु, मातृ मृत्यु दर में कमी, सुपोषण में वृद्धि,बाल विवाह पर नियंत्रण में कार्यकर्ता और सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमि रहती है।


YOGESH COMPUTER
Sale & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Azad Chowk, Muktidham Raod, Ramnagar, Supela, Bhilai
e-mail: sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

पलंग, सोफा सेट, अलमिरा, ड्रेसिंग टेबल, डायनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, रिवालविंग चेयर, इत्यादि
हीरा फर्निचर
शॉप - ए-48/2, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला चौक, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
7489961928
7587427070

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### मायके से ले जाकर पत्नी को मारा चाकू लाठी से भी पीटा

**बिलासपुर (ए)।** राजकिशोर नगर में रहने वाले युवक ने अपनी पत्नी को मायके से ले जाकर अपनी पत्नी को चाकू मार दिया। मारपीट के बाद उसने आहत पत्नी को मायके में छोड़ दिया। आहत की मां ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। राजकिशोर नगर में रहने वाली स्नेहा रमन ने 2014 में कालोनी में रहने वाले रियाज अहमद से प्रेम विवाह किया था। विवाह के कुछ दिनों तक दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। 2021 में दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद के दौरान पति के मारपीट करने पर स्नेहा अपने मायके आ गई। शुक्रवार को स्नेहा अपनी ममेरी बहन रूपा दास के घर बहतराई गई थी। शनिवार की सुबह नौ बजे रियाज अपनी सास के घर पहुंच गया। वहां पर उसने अपनी सास पुष्पा से पत्नी के संबंध में पूछताछ की। इस पर उसने बहतराई जाने की बात कही। इस पर रियाज वहां से चला गया। रात नौ बजे स्नेहा की ममेरी बहन ने अपनी बुआ पुष्पा को फोन कर बताया कि रियाज उनके घर आया था। इस दौरान स्नेहा और रियाज के बीच देर तक विवाद हुआ।

विवाद के बाद रियाज उसे आटो में बिठाकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद स्नेहा उनके घर नहीं लौटी है। रात करीब 11 बजे रियाज अपनी पत्नी को घायल अवस्था में लेकर उसकी मां के घर गया। मारपीट से आहत स्नेहा को उसकी मां ने सिम्स में भर्ती कराया। आहत स्नेहा ने बताया कि रात नौ बजे रियाज ने उनकी ममेरी बहन के घर के सामने ही मारपीट की। इसके बाद उसने पेट में चाकू मार दिया। इसके बाद उसे आटो में लेकर चला गया। आहत की मां ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### ईंट फैक्ट्री के गोदाम का शटर काट ले भागे पांच लाख का सामान

**कोरबा।** राखड ईंट बनाने वाले एक फैक्ट्री के गोदाम का शटर कटर से काट कर चोर करीब पांच लाख रुपये के पार्टस व टायर की चोरी कर लिए। करीब दो लाख रुपये के सामान घटनास्थल से कुछ दूर झाड़ियों में छिपा दिया गया था। पुलिस ने इसे बरामद कर लिया है। पाली थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम केराझरिया में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के सामने गुप्ता फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट स्थापित है। इसके संचालक मोहित गुप्ता फैक्ट्री शिफ्ट करने का काम कर रहे है। इस वजह से फैक्ट्री के पार्ट्स खोल कर गोदाम में रखे थे। गुरूवार को चोरों ने दुस्साहसिक ढंग से धावा बोलते हुए कटर से शटर काट कर अंदर प्रवेश कर गए। यहां रखे मिक्चर मशीन के पार्ट्स टायर, पंप मोटर, रोलर चैनल, डिस्क, साफ्ट समेत करीब पांच लाख का सामान चोर ले भागे। माना जा रहा है कि चोरी की इस घटना को अंजाम देने के लिए किसी मालवाहक वाहन का उपयोग किया गया। शुक्रवार सुबह फैक्ट्री के संचालक गुप्ता गोदाम पहुंचे, तो शटर की दशा देख उन्हें समझते देर नहीं लगी कि यह करामात चोरों की है। अंदर जाकर देखा तो कलपूर्जे गायब थे। इस घटना की सूचना पाली पुलिस को उन्होंने दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने जांच पड़ताल की, तो गोदाम के ठीक पीछे खेत में झाड़ियों के बीच कुछ सामान मिले। इसकी कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही। साथ ही वह कटर भी पुलिस ने कर लिया है। जिसका उपयोग शटर काटने के लिए बदमाशों ने किया। बहरहाल पुलिस धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी में लगी है।

# स्टील रोल्स कंपनी से मिला हजारों लीटर बायोडीजल पुलिस ने मैनेजर को किया गिरफ्तार, मालिक फरार

**भिलाई (ए)। दुर्ग जिले के हथखोज स्थित दुर्गा स्टील रोल्स फैक्ट्री के अंदर से एक टैंकर बायोडीजल से भरा हुआ जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री मालिक समर सिंह कई महीने से बिना जिला प्रशासन की अनुमति के बायोडीजल का उपयोग कर रहा था। पुरानी भिलाई पुलिस रविवार दोपहर यहां छापेमार कार्रवाई करके टैंकर सहित बायोडीजल को जब्त किया। पुलिस ने फैक्ट्री के मैनेजर चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं फैक्ट्री मालिक मौके से फरार है।**

पुरानी भिलाई टीआई विनय सिंह बघेल ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुर्गा स्टील फैक्ट्री में कई महीने से दूसरे राज्य का टैंकर आता है और फिर चला जाता है। इस पर पुलिस एक्टिव हो गई। रविवार दोपहर उन्हें सूचना मिली कि फिर से दुर्गा स्टील में डीडी 01 सी 9468 नंबर का टैंकर आया है। पुलिस ने तुरंत वहां जाकर छापा मारा। इस दौरान फैक्ट्री के अंदर बकायदा बायोडीजल से भरा टैंकर और उससे डीजल खाली करने करने के लिए इलेक्ट्रिक लिफलिंग मशीन मिली। टैंकर के अंदर 29 हजार 452 लीटर बायो डीजल था। पुलिस ने लगभग 21 लाख रुपए का डीजल व रिफलिंग मशीन को जब्त किया है। पुलिस ने फैक्ट्री के अंदर से वहां के मैनेजर चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री मालिक समर सिंह मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 102 के तहत कार्रवाई की है।




सूत्रों की माने तो दुर्ग जिले में बायोडीजल बेचने का काला कारोबार काफी दिनों से चल रहा था। यहां भिलाई के हथखोज क्षेत्र और दुर्ग के पुलगांव क्षेत्र में अवैध रूप से बायोडीजल बेचा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक दुर्गा स्टील का मालिक मूलरूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। वह वर्तमान में गुजरात राज्य में रहता है। इससे वह वहां से सस्ते दर में बायोडीजल खरीदकर यहां बायो डीजल भेजता था। इस तरह वह हर एक दो दिन की आड़ में दूसरे राज्य से हजारों लीटर बायो डीजल मंगाकर अलग-अलग क्षेत्र में बेचने के लिए भेजता था। ऐसा करके यह लोग मोटा मुनाफा कमाते थे और सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगा चुके हैं।

### एक लीटर में 20 से 25 रुपए की बचत

दुर्ग के जिला खाद्य अधिकारी सीपी दीपांकर ने बताया कि बायोडीजल रतनजोत व अन्य बनस्पति से तैयार किया जाता है। इसके अलावा अभी धान से एथेनॉल तैयार कर डीजल व पेट्रोल में मिलाकर भी इसे बेचा जा रहा है। बायोडीजल बाजार में 70 से 75 रुपए लीटर कीमत में मिल जाता है। वहीं डीजल 98-100 रुपए के बीच है। ऐसे में ट्रक मालिकों को एक लीटर के पीछे 20-25 रुपए की बचत हो जाती है। इसी के लालच में वह लोग बायोडीजल खरीदते हैं और उससे वाहन को चलाते हैं।

### दुर्ग भिलाई में बायोडीजल की भारी मांग

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बायोडीजल बेचने के लिए भी पेट्रोल पंप की तरह लाइसेंस लेना पड़ता है। छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो अभी राजनांदगांव, कोंडागांव, रायगढ़ जैसे कुछ गिनेचुने जिलों में ही बायोडीजल के पंप हैं। दुर्ग जिले में नहीं होने से इसकी काफी डिमांड है। ऐसे में यहां दूसरे राज्यों से बायोडीजल मंगाकर ब्लैक में बेचा जा रहा है।

### महिला बेच रही थी नशे का सामान

# ग्राहक खोज रही थी तभी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग जिले में लोगों को नशीली कोडिन युक्त सिरप की सप्लाई करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। महिला 124 नग नशीली सिरप के लिए ग्राहक की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर मोहन नगर पुलिस महिला को सिरप के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

मोहन नगर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि 13 मार्च को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि अटल आवास उरला दुर्ग निवासी दुर्गा साहू नशीली दवा बेचने का काम करती है। इतना ही नहीं उसके घर में कार्टून के अंदर बड़ी मात्रा में सिरप रखा हुआ है। वह उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही थी। इस पर पुलिस ने एक टीम गठित की और मरघट के पास अटल आवास पहुंचकर दुर्गा से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने नशीली सिरप बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके पास से 100 एमएल की 124 ओमेरेक्स टी कफ सिरप की बोतल जब्त की। 19 हजार 220 रुपए कीमत की इस कफसिरप को उसने एक खाकी रंग के कार्टून में छिपाकर रखा था।



### महिला से पूछताछ करेगी पुलिस

पुलिस का कहना है कि कोडिन युक्त कफसिरप बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलती है। ऐसे में इतनी बड़ी मात्रा में यह यहां तक कैसे पहुंची। इसकी जानकारी के लिए वह महिला को रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस महिला के बताए पते के मुताबिक उस छोर तक पहुंचना चाहती है, जहां से यह सिरप सप्लाई किया जाता है।

# माइंस ऑपरेटर से ठगी, सिम वेरीफिकेशन के लिए डाउनलोड कराया ऐप, फिर खाते से उड़ा लिए डेढ़ लाख




**बिलासपुर (ए)।** लोगों के ठगने के लिए ठग भी कैसे कैसे तरीके इजाद करने लगे हैं। पुलिस व साइबर सेल की लाख कोशिशों के बाद भी लोग शातिर ठगों के झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा रहे हैं। ताजा मामले में बिलासपुर का माइंस ऑपरेटर ऐसे ही झांसे में आकर अपने डेढ़ लाख रुपए लुटा बैठा। यह मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। माइंस् ऑपरेटर के पास ठग ने बीएसएनएल का अफसर बनकर ठगी की।

सकरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आसमा सिटी निवासी पंकज कुमार कश्यप (44) हिर्री माइंस में ऑपरेटर है। ऑपरेटर के पास 8 मार्च को अनजान शख्स का फोन आया। उसने अपने आन को बीएसएनएल मोबाइल सर्विस का अफसर बताया। उसने ऑपरेटर से कहा कि वेरीफिकेशन नहीं होने के कारण आपका सिम बंद हो जाएगा। सिम वेरीफिकेशन के निए एक ऐप डाउनलोड कर घर बैठे वेरीफिकेशन करने कहा।

ऑपरेटर अनजान कॉलर के झांसे में आकर उसके बताए अनुसार ऐप डाउनलोड करने लगा। कॉलर ने उसे झांसे में लेकर एनीडेस्क ऐप डाउनलोड कराया और खुद ही मोबाइल ऑपरेट कर उसे खाते से डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद जब माइंस ऑपरेटर को पता चला कि उसके खाते से डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर हुए हैं तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

सकरी पुलिस ने अनजान कॉलर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में साइबर सेले के एक्सपर्ट जांच कर रहे है। अनजान कॉलर के नंबर को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। सकरी पुलिस ने बताया कि इस तरह ठगी आम बात हो गई है। पुलिस व साइबर सेल लगातार जागरुक कर रही है इसके बाद भी लोग ठगों के झांसे में आ रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि किसी भी अनजान कॉलर फोन कर ऐप डाउनलोड करने कहे तो न करें।

# आमने-सामने भिड़ी बाइक, 2 युवकों की मौत: कवर्धा और बेमेतरा जिले के रहने वाले थे दोनों मृतक

**बेमेतरा (ए)।** बेमेतरा जिले में रविवार को तेज रफ्तार 2 बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई है। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक में सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से एक बेमेतरा जिले का तो वहीं दूसरा युवक कवर्धा का रहने वाला था। इस हादसे में एक युवक भी गंभीर रूप से घायल है जिसे 108 की मदद से अस्पताल लाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। मामला बेमेतरा सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, जिले के देवरबीजा के पास हड़गांव में यह हादसा हुआ है। कवर्धा का रहने वाला युवक राजेंद्र वर्मा (22) बाइक में सवार होकर साजा की तरफ आ रहा था। वहीं विपरीत दिशा से दूसरा युवक जगदीश निषाद (50) एक अन्य युवक कन्हैया ध्रुव के साथ देवरबीजा की तरफजा रहा था। इस बीच देवरबीजा के पास दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसके बाद दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कन्हैया गंभीर रूप से घायल हो गया।



हादसे के बाद आस-पास में मौजूद लोगों ने इसकी सूचना एंबुलेंस 108 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए। जहां युवक का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि जिन दो युवकों की मौत हुई है उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। दोनों को सिर में गहरी चोट आई है। जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# आबकारी टीम कार्रवाही: जुगाड़ के सामान से ग्रामीण ने घर में बनाई शराब की फैक्ट्री

**बिलासपुर (ए)।** आबकारी अमले ने रविवार को चकरभाठा क्षेत्र के कनेरी में शराब बनाकर बेचने वालों पर कार्रवाई की। एक ग्रामीण ने जुगाड़ के सामान से घर में शराब की फैक्ट्री खोल ली थी। उससे वह शराब बनाकर लोगों को बेच रहा था। आबकारी टीम जब उसके ठिकाने पर पहुंची तो अधिकारियों के होश उड़ गए। ग्रामीण के साथ ही गांव में अन्य शराब बेचने वालों को पकड़ा गया है। आरोपित से 52 लीटर महुआ शराब और एक हजार 175 किलो लहान जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

आबकारी अमले को रविवार की सुबह सूचना मिली कि चकरभाठा क्षेत्र के कनेरी और पिरैया में कुछ लोग महुआ शराब बना रहे हैं। इस पर आबकारी अमले ने चकरभाठा थाने की टीम लेकर कनेरी गांव में दबिश दी। गांव के जयराम धृतलहरे के ठिकाने पर आबकारी अमला तो अधिकारियों के होश उड़ गए। उसने जुगाड़ से मिनी डिस्टलरी की तरह शराब निकालने का सिस्टम तैयार कर लिया था।

इससे मौके पर शराब निकाली जा रही थी। पुलिस ने जयराम के कब्जे से आठ लीटर महुआ शराब और एक हजार 75 किलो लहान जब्त की। इसके अलावा शराब बनाने के लिए फिटकरी, गुड़ और अन्य सामान भी जब्त किया गया। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपित ने अपने निर्माणाधीन मकान में डिस्टलरी बनाकर रखा था। इसकी चाबी लेकर वह छिप गया था। गांव वालों की मौजूदगी में निर्माणाधीन मकान की ईंट निकालकर आबकारी अमला वहां तक पहुंच सका।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### महिला दिवस पर पोष एक्ट पर सेमीनार

**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गत दिनों महिला यौन उत्पीडन् निवारण समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय सभागार में महिला दिवस के उपलक्ष्य में कामकाजी महिलाओं के संरक्षण हेतु बने पोष एक्ट की जानकारी के संदर्भ में बने कानून की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती पुष्पा रानी पाढ़ी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण महाविद्यालय की प्राचार्या डा. श्रीमती संतोष जैन थी। विशिष्ट अतिथि अमित कुमार पाढ़ी लीगल काउंसल थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्या डॉ. श्रीमती संतोष जैन ने दिया व संचालन डा. मणिमेखला शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि श्रीमती पाढ़ी के द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन् अधिनियम-2013 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्चतर शैक्षिक संस्थानों में महिला कर्मचारियों एवं छात्राओं के लैंगिक उत्पीडन् रेगुलेशन के अंतर्गत विशाखा गाईड लाइन के तहत आई.सी.सी. कमेटी का महत्व एवं कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता सक्सेना, डॉ. पुष्पलता शर्मा, डॉ. आरती मिश्रा, डॉ. शबाना, डॉ. कविता वर्मा, डॉ. छाया सोनपिपरे, श्रीमती अरूणा चौबे, डॉ. कल्पना त्रिवेदी, पूनम सिंह, अंकिता शर्मा व 150 छात्राओं ने उपस्थिति दी। छात्राओं के द्वारा उक्त कानून की बारीकियों को समझने हेतु सवाल-जवाब किया गया, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा सरलता से समाधान किया गया। डॉ. सुमनलता सक्सेना द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### चैत्र नवरात्र पर्व एवं 12 वे वार्षिक उत्सव पर दुर्गा मंदिर में सजेगा माता का द्वार, लिया गया निर्णय

**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी जिसमें इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व दिनांक 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक विशेष आयोजन किया जावेगा यह निर्णय लिया गया। प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र पर्व पर मां दूर्गा मन्दिर का वार्षिक उत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, आयोजन को सफल बनाने एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने हेतु समित्ति की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व एवं 12 वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया गया। समित्ति के अशोक राठी ने बताया कि शहर के प्रसिद्ध श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा, दुर्ग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। चैत्र नवरात्र पर्व में इस वर्ष मन्दिर का 12 वां वार्षिक उत्सव बनाया जावेगा जिसमें आकर्षित लाइट, टेंट एवं फूल से साज सज्जा कराई जा रही है, इसके साथ साथ फूल की आकर्षित साज-सज्जा कलकत्ता के मशहूर कलाकरों द्वारा की जा रही है।

### राज्यपाल सुश्री अनुसूइया उइके ने राज्यस्तरीय महिला जागृति सम्मेलन में अपने संबोधन में की प्रदेश की बेटियों की प्रशंसा

# छत्तीसगढ़ की बेटियां अपनी प्रतिभा से दुनिया को कर रहीं चकित

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जो काम छत्तीसगढ़ की बेटियां कर रही हैं उनकी प्रशंसा करने के लिए मेरे पास शब्द कम हैं। तीजनबाई ने अपनी पंडवानी से देशदुनिया में हमारा नाम रोशन किया। फूलबासन जिस तरह से केबीसी में अमिताभ बच्चन के समक्ष आई तो उनका आत्मविश्वास देखते ही बनता था। मैंने भी अपने जीवन में लोकसेवा का निर्णय लिया, परेशानियां बहुत आई लेकिन अंततः सफलता मिली।



यह संदेश बैकुंठधाम मंदिर समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय महिला जागृति सम्मेलन में राज्यपाल सुश्री अनुसूइया उइके ने की। उन्होंने कहा कि जब भी कोई बहन सार्वजनिक क्षेत्र में आगे बढ़ती है तो उसे बहुत परेशानी होती है लेकिन पूरे समर्पण और हौसले से संकल्पबद्ध कार्य किया जाए तो सफलता सुनिश्चित है।

जब बेटियां आगे बढ़ती हैं तो कुछ लोग उनका रास्ता रोकने का प्रयास करते हैं लेकिन कई लोग ऐसे भी होते हैं जो बेटियों को आगे बढ़ाने में मदद करती हैं। अच्छी सोच के लोगों से मार्गदर्शन लें। आपको हमेशा सफलता मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने 36 महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने अपनी कहानी साझा करते हुए कहा कि जब वे पढ़ाई कर रही थी तब ऐसा समय था जब बेटियों की पढ़ाई को हतोत्साहित किया जाता था। मैंने निर्णय लिया था कि लोकसेवा में आगे बढ़ना है जनता के लिए कार्य करना है। मैंने पढ़ाई करने का निर्णय लिया। छात्र राजनीति में गई और लगातार मेहनत करती रही।

26 साल में विधायक बनी और आज आपके बीच राज्यपाल हूँ। मैं आपको संदेश देना चाहती हूँ कि बेटियां किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह में मौजूद होकर मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। आज हर क्षेत्र में चाहे वो कला का हो, विज्ञान का हो या शिक्षा का हो, राजनीति हो। महिलाएं सर्वोत्तम रूप से सफलता से अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। जब बहनें किसी भी क्षेत्र में काम करती हैं तो कई तरह की विध्न, बाधाएं आती हैं। इसके बावजूद भी घर संभालने के साथ जब वे किसी जिम्मेदारी को संभालती है तो हम समझ सकते हैं कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक सामर्थ्यवान है। इसलिए हमें बेटियों के प्रति अपनी मानसिकता को बदलना होगा। यदि घर वाले बेटियों को हौसला दें तो उसका हौसला दुगना हो जाता है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि टीचर बताते हैं कि लड़कियां ज्यादा हैं। रिजल्ट में भी लड़कियां आगे रहती हैं। हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी हैं। इसे देखकर बहुत अच्छा लगता है। इस मौके पर राज्यपाल ने मंदिर में भगवान महादेव , माँ दुर्गा, पवन पुत्र हनुमान और शनि देव एवं अन्य देवी-देवताओं के दर्शन भी किये। इस मौके पर पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई, महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव, पद्मश्री राधेश्याम बारले, रिसाली नगर निगम सभापति केशव बंछोर मौजूद थे।

**गौरमुकुट पहनाया**- राज्यपाल ने 36 महिलाओं को इस अवसर पर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। समिति की संयोजक श्रीमती अमृता बारले ने उन्हें छत्तीसगढ़ के परंपरागत गहने भेंट किये। कार्यक्रम के आयोजक श्री राधेश्याम बारले ने उन्हें गौरमुकुट तथा नांगर भेंट किया।

**सेल्फीपदर को लिया गोद**- राज्यपाल ने बताया कि एक बार बस्तर के सेल्फीपदर से 40 बहनें उनसे मिलने राजभवन आईं। बहनों ने बताया कि वो जंगल की सुरक्षा करती हैं और कालीमिर्च की फसल भी लेती हैं। मैंने उनके उद्यम के लिए तारीफ की और इस गांव को गोद लेने का निर्णय किया। इन महिलाओं ने अपने उद्यम से गाँव की तस्वीर को बदल दिया है। अशोका होटल के लोगों ने लिया हमारी बेटियों से प्रशिक्षण- उन्होंने बताया कि हमारे बस्तर की बेटियां जो कोदो कुटकी, रागी से व्यंजन बना रही हैं उसकी पहचान देश भर में बन रही है। अशोका होटल जो दिल्ली का प्रतिष्ठित होटल है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक ने महिलाओं की हौसला अफजाई के लिए स्कूटी रैली निकाली



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर की महिलाओं के सम्मान में भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव उनका हौसला बढ़ाने के लिए स्कूटी रैली निकाली। डीजे की धुन में अरपा पैरी के धार जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों में थिरकते हुए भव्य रैली का आयोजन किया गया।

जहाँ महिलाओं के साथ स्वयं भी स्कूटी चलाकर लोगों को जागरुकता का संदेश दिया।साथ ही आसमान में बलून उड़ाते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि महिलाएं अपना हौसला बुलंद रखे तो वे आसमान को भी छू सकती है। महिला पुरूष का भेद भाव खत्म करने का संदेश देते विधायक खुद स्कूटी चलाए।

इस रैली के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि शहर की महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें पहचान दिलाने वे हमेशा उनके साथ रहेंगे ताकि वे रूके नहीं और हमेशा आगे बढ़ती रहें। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव रहे। जिन्होंने बलून उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद स्कूटर रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत सेक्टर 9 चौक से की गई। यह रैली सेंट्रल एवेन्यु से होकर सेक्टर 5 मेयर नीरज पाल के घर के पास बने डोम शेड पहुंची।

इस मौके पर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इस रैली का उद्देश्य यह है कि हमारे शहर की बहन-बेटियों को यह अहसास हो कि वे बिना डरे हमेशा आगे बढ़े क्योंकि उनका उत्साह बढ़ाने हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शहर की बहन बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और इनके इसी हौसलों को सलाम करने हमारी एक पहल है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा देश पुरुष प्रधान है इसलिए हमारा देश विकाशील देश है। जिस दिन महिला प्रधान हो जाएगा उस दिन हमारा देश विकसित देश बन जाएगा।

### एनसीसी की टीम ने मार्च पाट कर किया विधायक का स्वागत

जब रैली सेक्टर 5 पहुंची तब वहाँ लड़कियों की एनसीसी टीम ने मार्चपाट किया और मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव का स्वागत किया। इसके बाद यहां महिलाओं के लिए और भी कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सेक्टर 5 में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में महिलाओं को स्पेशल फील कराने उनके लिए गर्ल्स बैंड के साथ डीजे का भी आयोजन किया गया। आप का भाई आप सब के साथ है।

### उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में शहर के प्रतिभा शाली महिलाओं सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान किया गया। साथ ही सास्कृति कार्यक्रम में भाग लेने वाली जानवी चौबे ने भारत नाट्यम की प्रस्तुति दी। अनामिका की ग्ररुप ने छ ग नृत्य पेश किए। कुसुम ने नृत्य, गुरजीत,आरती,ममता ने गीत गा कर सब का मन मोह लिया। हेमलता और उनके ग्ररुप ने आदिवासी डांस कर खूब तालियां बटोरी।

# विधायक देवेंद्र ने बाबा बालकनाथ का लिया आर्शीवाद फिर भक्तों की सेवा भी की



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बाबा बालक नाथ मंदिर में आज रविवार को 58 वां महायज्ञ और झंडा फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए। जहां उन्होंने महायज्ञ में आहूती दी, बाबा बालक नाथ भगवान का दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना की और भिलाईवासियों की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही जब महायज्ञ का आयोजन पूरा हुआ। इसके बाद भंडारा में महाप्रसादी का ग्रहण करने के लिए आने वाले भक्तों को अपने हाथ से महाप्रसादी का वितरण कर भक्तों की सेवा भी की।

बाबा बालक नाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वे हर साल महायज्ञ और झंडा फेरी कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। यह महायज्ञ का 58 वां साल है। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य पूजा अर्चना और महायज्ञ का आयोजन किया गया। पंडियों ने पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोचार कर पूजा अचर्ना और महायज्ञ का आयोजन कराया। इस महायज्ञ में आहूति देने के लिए खुर्सीपार सहित पूरे भिलाई शहर से हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए। महायज्ञ और पूजा अर्चना के बाद यहां हर साल भंडारा का भी आयोजन किया जाता है। इस साल भी भंडारा का आयोजन किया गया था। महाप्रसादी का ग्रहण करने के लिए हजारो लोग शामिल हुए। इस धार्मिक आयोजन में भिलाई नगर विधायक शामिल हुए और महाप्रसादी पकाने में सहयोग करने के साथ ही अपने हाथों से महाप्रसादी का वितरण भी किए।

# आईटीआई मैदान खुर्सीपार में दौड़ने पहुंचे विधायक देवेन्द्र, सीनियर सिटीजन से की चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव आज सुबह 6:00 बजे खुर्सीपार आईटीआई मैदान पहुंचे जहां उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं व मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी लंबी चर्चा की गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव आज सुबह खुर्सीपार आईटीआई मैदान पहुंचे। जहां क्षेत्र के युवा व्ययाम करने आये थे। कि लोग दौड़ रहे थे तो कई सैर कर रहे थे।



फुटबॉल खेल रहे थे। जब वहां विधायक देवेंद्र पहुंचे तो अपने बीच विधायक को पाकर लोग काफी खुश हुए। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। इसके बाद विधायक जी युवाओं के साथ मिले सब से हालचाल पूछ और मेल मुलाकात की। इसके बाद युवाओं के साथ मैदान में उतरे और युवाओं के साथ मैदान के कई चक्कर दौड़ लगाए।

इसके साथ ही क्षेत्र के युवाओं से उनका हालचाल जानते हुए क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं के बारे में भी चर्चा किए। इस दौरान युवाओं ने देवेंद्र यादव से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी दी साथ ही कहा आप के विधायक बनने के बाद से खुर्सीपार क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हुए है। आज खुर्सीपार की तस्वीर बदल गई है।

### जल्द शुरू होगा मैदान का जीर्णोद्धार कार्य

कुछ युवाओं ने खुर्सीपार आईटीआई मैदान को सर्व सुविधा युक्त बनाने की मांग की। युवाओं को नगर विधायक देवेंद्र उन्होंने बताया कि वह जब इससे पहले इस मैदान में आये थे तभी उन्होंने मैदान को बेहतर बनाने की घोषणा की है जल्द लाभ मिलेगा।

### युवाओं के साथ दौड़े विधायक देवेंद्र

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सुबह खुर्सीपार मैदान में युवाओं से मिलने के साथ ही उनके साथ दौड़ लगाए। मैदान का कई चक्कर लगाने के बाद फिर युवाओं की टीम में शामिल होकर क्रिकेट खेल। इसके बाद चाय की चुस्की के साथ युवाओं और वार्डवासियों से विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। लोगों ने वार्डो की कुछ समस्या विधायक के समक्ष रही। वहीं कई लोगों ने तारीफ करते हुए कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# साई महाविद्यालय सेक्टर 6 में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साई महाविद्यालय सेक्टर 6 में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2021-22 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डी.बी. तिवारी एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर ममता सिंह के द्वारा गुब्बारों को उड़ा कर किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन शतरंज, कैरम एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




बैडमिंटन महिला में प्रथम स्थान पर - कु.आफरीन (पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय स्थान पर -कु. डी हारिका (बीएससी सेकंड ईयर) एवं तृतीय स्थान पर -कु. खुशी प्रजापति (बीकॉम फर्स्ट ईयर) रहीं। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान -विवेक (बीएससी फर्स्ट ईयर) द्वितीय स्थान-एमडी इब्राहिम (बीएससी फर्स्ट ईयर) एवं तृतीय स्थान-देव मिश्रा (बीकॉम फर्स्ट ईयर) ने प्राप्त किया।

शतरंज के खेल में भी कई प्रतियोगियों ने भाग लिया प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान-कु. आफरीन (पीजीडीसीए) द्वितीय स्थान-कु. संजना (पीजीडीसीए) एवं पुरुष वर्ग में अजय कुमार सिंह (एमएससी) द्वितीय स्थान सचिन कुमार (बीएससी फर्स्ट ईयर) एवं तृतीय स्थान कोमल ने प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर कु. ओशिन (एमएससी) द्वितीय स्थान पर कु. काजल किरण (बीसीए फर्स्ट ईयर) एवं तृतीय स्थान पर कु. आयुषी सिंह (बीसीए) रही। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सैफअली खान (बीएससी फर्स्ट ईयर) द्वितीय स्थान प्रांजल पटेल (बीएससी थर्ड ईयर) एवं तृतीय स्थान धर्मेंद्र कुमार (बीएससी फर्स्ट ईयर) ने प्राप्त किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे व तीसरे दिन 100 मीटर दौड़ वॉलीबॉल खो-खो क्रिकेट आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया। खो-खो महिला वर्ग में प्रथम स्थान-बीएससी, द्वितीय स्थान-एमएससी ने प्राप्त किया।

# राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पहुँचे प्रदेश के दिग्गज नेता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह चौहान इंपीरियल दुर्ग बायपास रोड में संपन्न हुआ भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी सहित प्रदेश के तमाम दिग्गज नेता सहित मीडिया संस्थान से जुड़े साथीगण बुद्धिजीवी वर्ग उद्योगपति ग्रहणी और समाज के प्रमुख उपस्थित रहे कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि तक संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल, रमशिला साहू, राजेश मूणत, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडे , पूर्व बीज निगम विकास आयोग के अध्यक्ष नीलू शर्मा , महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, सहित जिला एवं प्रदेश भर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़े नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

बड़े पैमाने पर प्रदेश महिला मोर्चा के आये पदाधिकारी प्रदेश युवा मोर्चा के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि कोरोना विभीषिका के बाद हमने कई अपने को खोया है आज आयोजित होली मिलन समारोह में अपने गमों को भुलाकर एक नई शुरुआत करते हुए जीवन में आगे बढ़े रंगों का यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए आप सभी को साथ ही पूरे प्रदेश वासियों को होली के पावन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं बधाई।

# श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक, रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी के संबंध में हुई चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति की आवश्यक बैठक आज सेक्टर 9 में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य शाखा, युवा शाखा, महिला शाखा जिला दुर्ग-भिलाई के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी 10 अप्रैल श्रीरामनवमी के आयोजन एवं शोभायात्रा को लेकर चर्चा की गई।



जिसमें मुख्य रूप से समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष रमेश माने, महामंत्री बुद्धन ठाकुर, मुख्य शाखा दुर्ग जिला अध्यक्ष काशी राम शर्मा, भिलाई जिला अध्यक्ष सेवक राम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय एवं जिले के कार्यकारिणी जिले के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रहे। इस बैठक की शुरूवात सर्वप्रथम हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर की गयी। तत्पश्चात समिति के संरक्षक प्रेम प्रकाश पाण्डेय अपने उद्बोधन में कहा की विगत 2 वर्षो से समिति द्वारा रामनवमी की शोभायात्रा की तैयारी की गई थी किन्तु पूरा विश्व कोरोना महामारी से पीड़ित रहा, जिसकी वजह से आयोजन नहीं हो सका। इस समय भी तीसरी लहर आने से हम सभी राम भक्त चिंतित थे किन्तु देश के प्रधानमंत्री की सही निति द्वारा देश व्यापक रूप से वैक्सीन की वजह से तीसरी लहर आने से कुछ विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। कुछ तथाकथित लोगों ने इसे मोदी वैक्सीन का नाम दिया था आज इसी वैक्सीन सभी देशवासी सुरक्षित है जिसका परिणामस्वरूप आज हम श्रीराम जी की शोभा यात्रा के लिए फिर से तैयार है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950